रोहतक
सोमवार, 1 जुलाई 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 155
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 38.3
न्यून. 25.7
हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डॉक्टर्स-डे आज

बारबाडोस से लेकर भारत तक आतिशबाजी, सड़कों पर उतरे देशवासी, पटाखे भी फोड़े

एक-दूसरे को बधाई दी, कई जगह मिठाइयां बांटकर मनाई जीत की खुशियां

चैंपियन टीम को 125 करोड़ का इनाम, जश्न में डूबा देश

रोहित ने बारबाडोस में जीत का झंडा गाड़ा, पिच की मिट्टी चखी, विराट के गले लग रोए

हार्दिक को जादू की झपकी दी अर्शदीप और विराट ने किया भंगड़ा, अनुष्का ने दी बधाई

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने शनिवार देर रात दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी-20 वर्ल्डकप का खिताब जीता। भारत 17 साल बाद टी-20 में चैंपियन बना। भारत के कप जीतते ही पूरा देश जश्न में डूब गया। बारबाडोस से भारत तक सबने जीत की खुशियां मनाई, आतिशबाजी, मिठाई बांटी और एक दूसरे को बधाई दी। सभी दलों के नेताओं, बॉलीवुड और खेल हस्तियों ने टीम इंडिया को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी चैंपियन टीम के लिए तिजौरी खोल दी। बोर्ड सचिव जय शाह ने टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। भारत ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व खिताब जीता। शाह ने कहा, 'रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाये बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है।' 'इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है। वहीं, बारबाडोस में कप्तान रोहित ने मैदान में जीत का झंडा गाड़ा। विराट के गले लग कर भावुक हो गए और हार्दिक को जादू की झप्पी दी। (खेल पेज भी देखें)

बीसीसीआई ने की घोषणा, अफ्रीका को हराकर भारत ने जीता टी-20 का खिताब धोनी, सचिन, गावस्कर समेत क्रिकेट के सभी दिग्गजों ने टीम इंडिया की तारीफ की

पीएम मोदी ने क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से बात की और सभी की प्रशंसा की

पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को क्रिकेट टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। फाइनल में विराट कोहली की पारी के लिए उनकी भी प्रशंसा की और साथ ही भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा और कोहली, दोनों ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से संन्यास लेने की घोषणा की है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फाइनल मुकाबले के अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या तथा बाउंड्री पर डेविड मिलर का कैच पकड़ने के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफ की। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कोच राहुल द्रविड़ का भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए आभार जताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में शर्मा, कोहली और द्रविड़ की प्रशंसा की। उन्होंने शर्मा से कहा, 'आप उत्कृष्टता के धनी हैं।'

अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के लिए लिखा भावुक संदेश

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने पति क्रिकेटर विराट कोहली के लिए भावुक संदेश लिखा और पूरी टीम को जीत की बधाई दी। अनुष्का ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, और... मुझे इस इंसान से प्यार है।' उन्होंने विराट जैसा जीवनसाथी मिलने पर आभार व्यक्त किया और लिखा, 'जाइए, अब पानी पीजिए और जीत का जश्न मनाइए।'

टी-20 विश्व कप फाइनल मैच को 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा

टी20 विश्व कप फाइनल मैच को ओटीटी स्ट्रीमिंग मंच पर 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच के रिकॉर्ड दर्शकों से कम रहा। टी-20 विश्वकप फाइनल मैच को जीतकर भारत ने ट्रॉफी उठाई।

सूर्यकुमार को मिला 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार'

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

कोहली और रोहित के बाद जडेजा ने भी लिया संन्यास

ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाद रविवार को अनुभवी हरफनमौला 35 साल के रविंद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे में खेलते रहेंगे। बता दें कि भारत ने शनिवार को टी-20 वर्ल्डकप का खिताब जीता। इसके बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। टी20 विश्व कप 2024 में रवींद्र जडेजा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे।

अब अगली पीढ़ी के बागडोर संभालने का समय। भारत में कुछ शानदार खिलाड़ी हैं जो टी-20 प्रारूप में टीम को आगे ले जाएंगे। इसमें कोई शक नहीं, वे देश में परचम लहराएंगे।
- विराट कोहली

विदा लेने का यह एकदम सही समय। मैं हर हाल में खिताब जीतना चाहता था, मैंने यही चाह और हो गया। मैं अपने जीवन में इसके लिए बहुत बेताब था। खुशी है कि हम इस बार जीत सके। *- रोहित शर्मा*

गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा। *- रविंद्र जडेजा*

यह डाली पोस्ट

जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा ,'मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले दृढ़ घोड़े की तरह मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा।' उन्होंने कहा, 'टी20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यह मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का शिखर था। यादों, हौसलाअफजाई और समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।'

खबर संक्षेप

सुनक ने स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव से पहले अपने प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताहांत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मंदिर को नेसडेन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति का काफिला शनिवार शाम को जब भव्य मंदिर के परिसर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाषा

अग्निवीर भर्ती: आठ जुलाई से, पंजीयन शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ के युवाओं को अग्निवीर बनने का अवसर दिया गया है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की पंजीकरण प्रक्रिया 8 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। 28 को रात 23 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 तक जन्मे महिला एवं पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। एजेंसी

फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाले रडार पर

शिमला। 10वीं के फर्जी प्रमाणपत्र देने वाला गिरोह सीबीआई के रडार पर है। हिमाचल प्रदेश डाक विभाग में मामले सामने आने के बाद सीबीआई की टीमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में अपना जाल बिछाए हुए हैं। शिकायतों के आधार पर दो शाखा डाकपाल पर साजिश रचने, धोखाधड़ी और अन्यों धाराओं में केस दर्ज किया है। के तहत शिमला में केस दर्ज कर रखे हैं। एजेंसी

दरिंदगी : आधी रात को वारदात

फतेहाबाद में साढ़े तीन साल की बच्ची से रेप, दो आरोपित पकड़े

खेत में बनी ढाणी में सो रही बच्ची को उठा ले गए दो युवक, सुबह लहूलुहान हालत में मिली बच्ची

फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)। टोहाना क्षेत्र के एक गांव में साढ़े 3 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। खेत में बनी ढाणी में रहने वाले परिवार की बच्ची को 2 युवक शनिवार आधी रात को घर से उठाकर ले गए। रविवार सुबह बच्ची घर पर नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसके बाद बच्ची कुछ ही दूर सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। परिजनों ने उसके साथ रेप किए जाने के आरोप लगाए हैं। टोहाना पुलिस मामले में छानबीन में जुटी हुई है। बच्ची को अस्पताल लाया गया है।

यूपी का रहने वाला है परिवार : पुलिस को दी शिकायत में बच्ची के माता-पिता ने बताया कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे डेढ़ 2 माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में रह रहे हैं। शनिवार रात को उनकी जान पहचान के 3 युवक उनके घर आए थे। वह भी आसपास के गांवों के खेतों में मजदूरी करते हैं। आधी रात को 3 बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद उसने पत्नी को उठाया और खेत मालिक को भी सूचित किया। सभी ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान हालत में मिली।

बच्ची ने कहा-गंदी हरकत की

बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ गंदी हरकत की। इसके बाद परिजन अल सुबह करीब 4-5 बजे बच्ची को एंबुलेंस से टोहाना नागरिक अस्पताल ले आए, जहां पुलिस को भी सूचित किया गया।

पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

एसएचओ देवीलाल का कहना है कि पीड़ित पक्ष खेतों में धान लगाने के लिए काम करते हैं। उनके खेत मकान में मुकेश, सतीश और शंभू नामक 3 लोग आए। जहां उन्होंने शराब व मीट की पार्टी की। बाद में शंभू वहां से चला गया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद में बाकी दोनों द्वारा बच्ची को उठाकर गलत काम करने की बात सामने आई, जिस पर दोनों के खिलाफ रेप, पॉक्सो एक्ट और अपहरण के आरोप में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

जनरल द्विवेदी ने संभाली थलसेना की कमान

नई दिल्ली (भाषा)। चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा, 'जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी को सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' रहे थे।

30वें आर्मी चीफ बने, जनरल पांडे की जगह ली

■ **जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया**

गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद में लगाए जाएंगे वेस्ट-टू चारकोल प्लांट

ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल का ऐलान, इसके बाद अन्य शहरों में भी विस्तार होगा

एनवीवीएनएल और हरियाणा सरकार के बीच जल्द होगा समझौता

शहरों में ठोस कचरे से मिलेगी निजात, वाराणसी में भी एक संयंत्र लगेगा

हिसार (हरिभूमि न्यूज)। प्रदेश में जल्द ही कचरे से चारकोल बनाने वाले प्लांट लगेंगे, जिन्हें ग्रीन कोल प्लांट भी कहा जाता है। इस प्लांट के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) और हरियाणा सरकार के बीच जल्द ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। गुरुग्राम-मानेसर और फरीदाबाद में प्लांट स्थापित करने के बाद इस पहल का विस्तार हरियाणा के अन्य शहरों में भी किया जाएगा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से यह योजना सिरे चढ़ाई जा रही है। एनवीवीएनएल के अधिकारी जल्द ही हरित कोयला संयंत्र (ग्रीन कोल प्लांट) स्थापित करने के लिए कुछ स्थलों का दौरा करेंगे। इन संयंत्रों को क्रियान्वित करने के लिए श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में मनोहर लाल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

वाराणसी में एक संयंत्र स्थापित किया

एनवीवीएनएल ने हाल ही में ठोस अपशिष्ट से ग्रीन कोल बनाने के लिए वाराणसी में एक संयंत्र स्थापित किया है। यह संयंत्र 600 टन अपशिष्ट का उपभोग करेगा और 200 टन ग्रीन कोल का उत्पादन करेगा, जिससे बहुत कम अवशेष बचेगा। एनवीवीएनएल हल्द्वानी, वडोदरा, नोएडा, गोरखपुर और भोपाल में भी ग्रीन कोल संयंत्र स्थापित करने के लिए विभिन्न चरणों में कार्य कर रहा है।

मनोहर हरियाणा में लगाना चाहते हैं प्लांट

मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में हरित कोयला परियोजनाएं स्थापित की जाएं। नगर निगम आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने बताया कि नगर निगम ने पहले ही इस प्रक्रिया को शुरू की दी है और एनवीवीएनएल अधिकारियों के साथ गुरुग्राम में कुछ साइट्स दिखाई हैं।

ऊर्जा उत्पादन में भी वृद्धि होगी

- केंद्रीय मंत्री ने कहा, नगर निगम एनवीवीएनएल के साथ मिलकर बंधवाड़ी या गुरुग्राम व मानेसर के आसपास वैकल्पिक स्थलों पर एक ग्रीन कोलप्लांट स्थापित करे। यह प्लांट प्रतिदिन 1200 टन ठोस अपशिष्ट का निपटान करेगा।
- फरीदाबाद नगर निगम को एनवीवीएनएल के साथ मिलकर गांव मोठूका में 1000 टन प्रतिदिन क्षमता का प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

लापरवाही के आरोप

'राम पथ' निर्माण की जांच को समिति गठित

अयोध्या (भाषा)। शुरुआती बारिश में ही लगभग एक दर्जन स्थानों पर धंसने की वजह से चर्चा में आये राम पथ के निर्माण में घोर लापरवाही की जांच के लिए अयोध्या प्रशासन ने एक समिति गठित की है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने रविवार को बताया, 'सभी संबंधित विभागों की एक समिति गठित की गई है, जो जांच करेगी और 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यह समिति उन सीवेज चैंबर/मैनहोल के निर्माण से संबंधित गड़बड़ियों की जांच करेगी जिनमें गड्ढे हो गए हैं।' दयाल ने कहा कि राम पथ करीब 14 किलोमीटर लंबा है और इसका निर्माण मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ किया गया है। 'इस पथ में एक क्षेत्र ऐसा है, जहां सीवर लाइन बिछाई गई थी। ऐसे ही छह-सात स्थानों पर गड्ढे हो गये हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों में पूरी अयोध्या में करीब 5,500 सीवर चैंबर बनाए गए हैं।

शुरुआती बारिश में ही कई जगह से धंसा रामपथ

उपलब्धि

सूची में 1,04,561 प्रजातियों को शामिल किया

जीव-जंतुओं की सूची तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश भारत

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी जानकारी जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में पोर्टल की शुरुआत की

नई दिल्ली (भाषा)। भारत में जीव-जंतुओं की पहली सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची में 1,04,561 नस्ल के जीव जंतुओं को शामिल किया गया है। भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। कोलकाता में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) के 109वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'फॉना ऑफ इंडिया चेकलिस्ट पोर्टल' लॉन्च करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी। भारत में जीव-जंतुओं की प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज जैव विविधता प्रलेखन में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित कर देगा।

जैव विविधता के संरक्षण में हम आगे

भारत जैव विविधता के संरक्षण के मामले में विश्व में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाया गया पहला बड़ा कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' है।

संरक्षण के बारे में भी बताया

यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चीता जैसी बड़ी बिल्लियों, जैव विविधिता और जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में चीता का पुनर्वास एक सफल कार्यक्रम साबित हुआ है।

संकटग्रस्त प्रजातियां भी सूची में

जीव-जंतुओं की यह सूची वर्गीकरण विज्ञानियों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, संरक्षण प्रबंधकों और नीति निर्माताओं के लिए एक अमूल्य संदर्भ होगी। इस दस्तावेज में जीव-जंतुओं की ज्ञात प्रजातियों की 121 सूचियां तैयार की गईं हैं। इससे शोध में काफी मदद मिलेगी। स्थानिक, संकटग्रस्त और अनुसूचित प्रजातियों को भी सूची में शामिल किया गया है।

नीट-यूजी मामला

गोधरा से निजी स्कूल का मालिक गिरफ्तार

गोधरा (भाषा)। सीबीआई ने रविवार को गुजरात के गोधरा में एक निजी स्कूल के मालिक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) परीक्षा में अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल को तड़के उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई पटेल को अब रिमांड पर लेने के लिए अहमदाबाद ले जा रही है। ठाकोर ने कहा, 'क्योंकि मामला गुजरात सरकार द्वारा सीबीआई को सौंप दिया गया है, इसलिए सीबीआई की एक टीम उन्हें (दीक्षित पटेल) अहमदाबाद में एक अदालत के समक्ष पेश करेगी ताकि उनकी रिमांड हासिल की जा सके। जय जलाराम स्कूल उन निर्धारित केंद्रों में से एक था जहां पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी।

सीबीआई ने की कार्रवाई रिमांड पर लिया

खबर संक्षेप

निगमकर्मी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों को ध्यान से सुना और कार्य योजना तैयार करने का आश्वासन भी दिया। प्रवक्ता ने बताया कि रविवार चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत विभिन्न वर्गों जैसे कि माली, सेवादार, चालक, लिपिक, वेटर व अन्य श्रेणी के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। उन्होंने योजना बनाकर नियमित करने की मांग भी उठाई

गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता : कंवरपाल

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने यमुनानगर के खंड प्रताप नगर के सरपंचों के साथ मुलाकात की। उन्होंने बैठक कर गांव के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कहा कि किसी भी गांव के विकास में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। किसी भी गांव का सरपंच किसी भी समय गांव के विकास कार्यों के संबंध में उनसे मिल सकता है उनके घर के दरवाजे सदा उनके लिए खुले है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सरपंचों की अधिकतम मांगे मान ली गई हैं।

काम करते समय करंट लगाने से युवक की मौत

गुरुग्राम। फर्रुखनगर के एक निर्माणाधीन भवन में बिजली का काम कर रहे इलैक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और कार्रवाई शुरु कर दी।दरअसल, बिहार के सीवान जिले का रहने वाला 26 वर्षीय गुलाब चंद पिछले दस साल से गुरुग्राम में किराए के मकान में रहता था। वह बिजली का काम करता था। उनका पिछले करीब दो माह से काम चल रहा था।

मुख्यमंत्री ने पेंशन, आवास नवीनीकरण व ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के बांटे प्रमाणपत्र

83633 पात्रों को 100.68 करोड़ का लाभ दिया, पानीपत की अनाज मंडी में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सरकार ने बिचौलियों, कमीशन और सिफारिश के धंधे को खत्म किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार असल मायने में गरीब हितैषी है और गरीब को आर्थिक रूप से मजबूत व सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कांग्रेस की सरकार में गरीबों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, बिचौलियों व कमिशनखोरों की मनमानी चलती थी, लेकिन उनकी सरकार में न कोई बिचौलिया है, न कट, न कमीशन और न ही किसी सिफारिश के लिए चक्कर काटने की जरूरत है, योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों के खातों में पहुंच रहा है। सीएम सिंह, रविवार को पानीपत की अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डा. भीम राव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

> ■ केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार गरीबों के हित में काम कर रही

तीन योजनाओं के

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने इन तीनों महत्वकांक्षी योजनाओं के 83 हजार 633 लाभार्थियों को 100 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक की राशि का लाभ दिया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 75,330 नये लाभार्थियों को पेंशन के रूप में 22.59 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। इसी तरह से डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 2003 लाभार्थियों को 15.09 करोड़ रुपये की सहायता राशि मकान मरम्मत के लिए जारी की गई है। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के 6,300 लाभार्थियों को अधिकार पत्र एवं 1-1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के पत्र प्रदान किये। ऐसे लाभार्थियों को लगभग 63 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से फायदा होगा।

पानीपत। कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद लेते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

2.32 लाख बुजुर्गों का भत्ता किया स्वचालित

मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि मई 2022 में वृद्धावस्था सम्मान भत्ते को प्रो-एक्टिव मोड पर शुरू किया था। तब से अब तक 2 लाख 32 हजार वृद्धजनों का भत्ता स्वचालित किया गया है। इसी के तहत आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये वार्षिक की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में केवल 1,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती थी, लेकिन अब उनकी सरकार ने इसे बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रतिमाह किया है। इस समय प्रदेश में सरकार द्वारा 20 लाख से अधिक बुजुर्गों को 605 करोड़ रुपये की राशि प्रतिमाह प्रदान की जा रही है।

हर गरीब व्यक्ति के सिर पर छत हो

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हर गरीब व्यक्ति के सिर पर छत देने के सपने को साकार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 63 हजार परिवारों को मकान दिये गये हैं और 16 हजार मकान निमार्णाधीन हैं, जिनकी चाबी जल्द ही लाभर्थियों को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि मकान की मरम्मत के लिए डॉ बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये तक की राशि लाभार्थी को दी जाती है। आज ही डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के 2,003 लाभार्थियों को 15.09 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

मां के नाम पर पौधारोपण का संकल्प मां समान प्रकृति की सेवा का ही अभियान

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 111वें संस्करण का प्रसारण हरियाणा के हजारों बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने लाइव सुना।

■ मुख्यमंत्री ने पिंजौर में सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिंजौर के बूथ नंबर 70 पर मन की सुनी और मां के नाम पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से एक पौधा मां के नाम लगाने की अपील भी की। नायब सैनी ने कहा कि मां के नाम पर पौधारोपण का संकल्प मां समान प्रकृति की सेवा का ही एक अभियान है। प्रधानमंत्री के इस अभियान में समस्त हरियाणावासी पूरे मनोयोग से सहभागी बनें। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, सांसद सुभाष बराला, प्रदेश महामंत्रियों, विधायकों, मंत्रियों व नेताओं तथा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत रविवार को सभी बूथों पर पौधारोपण किया गया। भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को देशवासियों को पर्यावरण के प्रति जागृत और प्रेरित करने का महाअभियान बताया।

आदर्श पत्रकारिता के संवाहक थे देवर्षि नारद

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद आदर्श पत्रकारिता के संवाहक थे। देवर्षि नारद घटनाओं का विश्लेषण करके अलग-अलग दृष्टिकोण के साथ सत्यता को सकारात्मक तौर पर प्रस्तुत करते थे। आजादी से लेकर आज आधुनिकता के दौर में पत्रकारिता का अहम योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री पंचकूला में विश्व संवाद केंद्र हरियाणा की ओर से देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित 9वें राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह में पहुंचने पर हरियाणा विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, सचिव राजेश और डॉ.राजेश चौहान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने देवर्षि नारद जयंती की पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता का श्रेय देवर्षि नारद जी को जाता है उस दौर से लेकर आज के इस आधुनिक दौर में पत्रकारिता ने अनेक आयाम तय किये हैं। समय बदलने के साथ पत्रकारिता के स्वरूप में बदलाव तो आया है, लेकिन सत्यता का पथ अभी भी वही है।

डॉक्टर दिवस पर काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे चिकित्सक

चंडीगढ़। प्रदेश के डॉक्टर एक बार फिर से आंदोलन की राह पर हैं। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर प्रदेश के डॉक्टर काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे, उनकी मांगों का निराकरण नहीं करने के कारण उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। एचसीएमएस एसोसिएशन की राज्य कोर समिति की बैठक हुई, जिसमें 26 जून 2024 को एचसीएमएस एसोसिएशन की एसीएस के साथ बैठक के अनुसार मांगों की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। एचसीएमएस एसोसिएशन के सदस्यों में सरकार के प्रति उनकी लंबे समय से लंबित वास्तविक मांगों के प्रति असंवेदनशील और लापरवाह रवैये के कारण भारी नाराजगी व्याप्त है। सरकार और एचसीएमएस एसोसिएशन के बीच आपसी सहमति के बाद, डॉक्टरों ने छह महीने पहले अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि छह महीने बाद भी सरकार द्वारा वादा किए गए मुद्दों में से कोई भी हल नहीं हुआ है।

वरिष्ठ आईपीएस डॉ. मिश्रा सेवानिवृत्त, मधुबन में दी विदाई

चंडीगढ़। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी व पुलिस आवास निगम के प्रबंध निदेशक डा. आरसी मिश्रा 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। उनके 35 वर्ष के सफल कार्यकाल पर मधुबन स्थित पुलिस अकादमी में उन्हें विधिवत तौर से विदाई दी गई। डा. मिश्रा लंबे समय से पुलिस आवास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात थे। धार्मिक विचारों से ओत-प्रोत डा. मिश्रा ने पर्यावरण, पुलिस तथा मानवाधिकार पर करीब 19 पुस्तकें लिखी हैं। वह राज्य में विभिन्न पदों पर तैनात रहे हैं। उनकी पत्नी डा. अर्चना मिश्रा डा. बीआर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी सोनीपत की वाइस चांसलर हैं। 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डा. आरसी मिश्रा मूल रूप से उत्तर प्रदेश फतेहपुर जिले के रहने वाले हैं।

मेवात में शिक्षकों को अभी तक नहीं मिले नियुक्ति पत्र

चंडीगढ़। सरकार द्वारा लगभग चार साल पूर्व मेवात के विभिन्न खण्डों में मौजूद मेवात मॉडल स्कूलों को शिक्षा विभाग में मर्ज करने का निर्णय लिया था । उक्त स्कूलों के समायोजन की अधिसूचना भी जनवरी, 2022 में जारी कि जा चुकी है। परंतु दो साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी लगभग 100 टीजीटी अध्यापकों के नियुक्ति पत्र शिक्षा विभाग ने अभी भी लटका रखे है। जिस कारण कर्मचारी और उनका परिवार मानसिक रूप से बहुत दुखी और परेशान है। साथ ही इससे शिक्षा विभाग कि कथनी और कथनी में फर्क भी साफ नजर आता है । मेवात माडल स्कूल इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र भेजकर इस दिशा में तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश प्रभारी बाबरिया ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

हर वर्ग से संवाद कर तैयार होगा कांग्रेस का घोषणापत्र

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बने कांग्रेस न्याय पत्र की तर्ज पर हरियाणा विधानसभा चुनाव का घोषणापत्र तैयार होगा। घोषणापत्र को बंद कमरे में बैठकर सिर्फ पार्टी के भीतर चर्चा करके नहीं बल्कि प्रदेश के सभी वर्गों के साथ संवाद करके तैयार किया जाएगा। बाबरिया चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर मेनिफेस्टो कमेटी की अध्यक्ष व विधायक गीता भुक्कल के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर अंबाला से सांसद वरुण मुलाना, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी चांदवीर हुड्डा और मेनिफेस्टो कमेटी के कई सदस्य भी मौजूद रहे। बाबरिया ने कहा कि मेनिफेस्टो के लिए कमेटी के लोग लगातार विभिन्न वर्गों के साथ बैठकें कर रहे हैं। कमेटी में समाज के हर तबके के लोगों को शामिल किया गया है।

■ मेनिफेस्टो कमेटी की अध्यक्ष व विधायक गीता भुक्कल भी मौजूद रहीं

हर विषय पर सब कमेटियां बनाई

प्रत्येक विषय के आधार पर अलग-अलग सब कमेटियां बनाई गई हैं। इनके साथ एक-एक सदस्य को जोड़ा गया है। हर सदस्य प्रदेश की हर विधानसभा में जाकर उनकी समस्याओं को जानेगा और समस्या के निवारण के उपाय कमेटी को बताएगा।बाबरिया ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस कार्यकाल के दौरान रोजगार, उत्पादन, जीडीपी, अर्थव्यवस्था, कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा देने के मामले में देश के टॉप राज्यों में शुमार था। लेकिन बीजेपी के शासनकाल में आज भ्रष्टाचार, अत्याचार, अपराध, मंहगाई, बेरोजगारी व अन्य मुद्दों हावी है।

स्कूलों के विकास के नाम पर फर्जीवाड़ा : सैलजा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षक फर्जी, डिग्री फर्जी, परीक्षा फर्जी यहीं हरियाणा के स्कूलों की पहचान बनकर रह गई है। स्कूल में विकास के नाम केवल और केवल फर्जीवाड़ा हुआ है जो प्रतिवर्ष अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने में लगा हुआ है। स्कूलों में चार लाख बच्चों का फर्जी एडमिशन कर मिड डे मील, छात्रवृति, वर्दी और अन्य फंड का गबन कर बंदरबाट कर ली। इसमें कोई दो राय नहीं भाजपा की नीतियां फर्जीवाड़े से शुरू होकर फर्जीवाड़े पर ही खत्म होती हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के इस भ्रष्ट शासन को कांग्रेस उखाड़ फेंककर जनता को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगी।

रिजल्ट के बाद चल कर उम्मीदवारों का मेडिकल

वर्षों बाद फॉरेंसिक साइंस लैब से कर्मचारियों का टोटा होगा दूर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार प्रदेश के बेरोजगारों को तीन माह में 50 हजार रोजगार देने का वायदा कर चुकी है। जिसके तहत ही लंबित भर्तियों को जहां गति देने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है, वहीं लंबित चले आ रहे मामलों का निस्तारण भी तेजी से होने लगा है। दरअसल, सरकार विस चुनावों से ठीक पहले एक तीर से कई निशाने साधने का काम कर रही है, इस क्रम में लंबे समय के बाद एफएसएल में कर्मचारी वैज्ञानिकों का टोटा दूर होने जा रहा है। इसके लिए ग्रुप सी के लिए परिणाम जारी करने के साथ ही उनके मेडिकल की मुहिम बेहद तेजी से चल रही है, इसके साथ ही ज्वाइनिंग का काम पूर्ण हो जाएगा।

हरियाणा लोक सेवा आयोग भी इस दिशा में लंबित चल रहे साक्षात्कार आदि की प्रक्रिया को तेज कर चुका है।हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से भी गत दिवस फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएस) में (ग्रुप-सी) में आने वाले वैज्ञानिक कर्मचारियों 53 पदों का संशोधित परिणाम गत दिवस जारी किया गया था, जिसके बाद में इन सभी के मेडिकल की प्रक्रिया शनिवार को पंचकूला सामान्य अस्पताल में विशेष टीम बनाकर पूरी की जा चुकी है। ज्वाइनिंग की प्रक्रिया जारी है। वैसे, इन पदों के लिए वर्षों से इंतजार किया जा रहा था, इनमें प्रयोगशाला अटेंडेंट और डार्क रूम अटेंडेंट, वैज्ञानिक सहायकों के अलावा वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक जैसे पद शामिल हैं। खास बात यह है कि ग्रुप सी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने की मुहिम जारी है। कर्मियों के मिल जाने के साथ ही अब पुलिस विभाग और पीड़ितों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा। सरकार ने जांच ठीक तरह से करने और समयबद्ध तरीके से न्याय देने के लिए कहा है। इस दिशा में प्रशिक्षित युवाओं के पहुंच जाने के साथ ही काम भी बेहतर होगा।

प्रदेश में नियुक्तियों की रफ्तार तेजी पकड़ेगी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में हाल ही में चेयरमैन नियुक्त हुए हिम्मत सिंह ने कहा कि पिछले दो तीन साल से लंबित चल रहे मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा भी हरियाणा की सैनी सरकार ग्रुप सी के 3500 नए पद भरने की तैयारी में इसके लिए डिमांड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है। जल्दी हरियाणा में लगभग 6000 पदों पर भर्ती के लिए के लिए पदों को दोबारा विज्ञापन जारी होगा। इसकी भर्ती प्रक्रिया जुलाई के अंतिम सप्ताह अथवा अगस्त में शुरू हो सकती है। प्रदेश में एक बार फिर से जेबीटी शिक्षकों की भर्ती को लेकर तैयारी चल रही है। लगभग एक दशक से इंतजार कर रहे हैं जेबीटी ट्रेंड युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है। ,लगभग 1200 पदों पर भर्ती के लिए होमवर्क पूरा हो चुका है, साथ ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को डिमांड भेज दी गई है। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव से पहले पहले तमाम भर्तियों की प्रक्रिया को तेज करने की तैयारी है, साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 50,000 पद भरने की प्रक्रिया जारी है।

अंतिम चरण में नियुक्ति प्रक्रिया

वैसे, एफएसएल पदों का परिणाम पहले भी जारी किया गया था और कुछ त्रुटियां रह जाने के कारण उसको वापस लिया था। जिसके कारण युवा वर्ग भी निराश हो गया था, मामला लटकने की आशंका भी बढ़ गई थी। कमीशन ने पूरे मामले में इन युवाओं की बात सुनने के बाद तेजी दिखाई, तो इन्हें रोजगार भी मिला है। अब लंबित संशोधित परिणाम जारी के साथ ही इन्हें रखने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। विभिन्न फॉरेंसिक मामलों की जांच का लंबित काम तेजी से होगा। खास बात यह है कि मधुबन में लंबे वक्त से मैनपावर की कमी खल रही है। फोरेंसिक साइंस लैबोट्री मधुबन एक बहु-विषयक वैज्ञानिक संगठन है। इसमें संगठित, प्रशिक्षित पेशेवर और अच्छी तरह से सुसज्जित जांच सुविधाएं शामिल हैं। प्रयोगशाला अपराध के पारंपरिक और नए पैटर्न को हल करने के लिए नवीन वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से जांच करती है।

नारनौल में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में जमकर हंगामा

हुड्डा और उदयभान के सामने नारेबाजी, चुनाव लड़ने वाले नेताओं-समर्थकों का शक्ति प्रदर्शन

- राव दानसिंह ने हाथ जोड़कर कहा कि वह यहां पर शक्ति प्रदर्शन न करें यह एक कार्यकर्ता सम्मेलन है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल में रविवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के सामने ही जमकर हंगामा हो गया। सम्मेलन में विधानसभा चुनाव लड़ने के दावेदारों ने नारेबाजी की। उनके समर्थक एक दूसरे के बैनर और पोस्टर के साथ मंच तक पहुंच गए। बाद में किसी तरह उनको शांत करवाया गया। कार्यकर्ताओं को शांत करवाने में काफी समय लगा। वही इस कार्यकर्ता सम्मेलन में आई भीड़ में कई की जेब भी कट गई। राव दानसिंह ने हाथ जोड़कर कहा कि वह यहां पर शक्ति प्रदर्शन ना करें यह एक कार्यकर्ता सम्मेलन है।



नारनौल। पूर्व सीएम हुड्डा के सामने चुनाव लड़ने के दावेदारों के समर्थक शक्ति प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

फार्म हाउस में कार्यक्रम

नारनौल के एक फार्म हाउस में रविवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में इन दोनों नेताओं के आने से पूर्व ही विधानसभा का चुनाव लड़ने के इच्छुक भावी प्रत्याशियों के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने नेताओं के बैनर और पोस्ट के साथ नारे लगाने शुरू कर दिए।

अव्यवस्था फैल गई

वही जब पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मंच पर पहुंचे तो भावी प्रत्याशियों के समर्थक भी मंच तक पहुंच गए। इसके चलते कार्यक्रम में अव्यवस्था फैल गई। इस फैली हुई अव्यवस्था को संभालने के लिए कांग्रेस की टिकट पर भिवानी महेंद्रगढ़ से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके राव दान सिंह को आगे आना पड़ा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हाथ जोड़कर कहा कि वह यहां पर शक्ति प्रदर्शन ना करें यह एक कार्यकर्ता सम्मेलन है।

हुड्डा ने सरकार पर बोला हमला

लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हाफ करने के बाद कांग्रेस ने प्रदेश से बीजेपी को पूरी तरह साफ करने का मिशन शुरू कर दिया है। जबतक ये मिशन पूरा नहीं होगा, कांग्रेस का एक भी नेता व कार्यकर्ता घर नहीं बैठेगा। अगले तीन महीने सिर्फ और सिर्फ जनसंपर्क और जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष ही हमारा एकसूत्री कार्यक्रम है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा रविवार नारनौल के सीएल फार्म हाउस में धन्यवाद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने यहां पहुंचे थे। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, लोकसभा प्रत्याशी रहे राव दानसिंह और पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नांगल चौधरी में 1 से 4 वर्ष की 5 बच्चियों की कर दी शादी, केस

बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत अभिभावक, पूजारी व फोटोग्राफर पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी के एक गांव में नाबालिग बच्चियों की शादी करने का मामला सामने आया है। जब यह मामला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष पहुंचा तो जांच पड़ताल की गई। पड़ताल की गई तो बच्चियों का जन्म साल 2020 से 2023 में होना रिकॉर्ड में पाया गया। जांच में पांच नाबालिग बच्चियों की शादी होना पाया गया। इसके बाद नांगल चौधरी थाना में बच्चियों के अभिभावक, लड़कों के अभिभावक, पूजारी व फोटोग्राफर सहित अन्य पर बाल विवाह निषेध अधिनियम की धारा 10,11,9 के तहत केस दर्ज किया गया है। संरक्षण अधिकारी कम बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता कुमारी की ओर से एसपी को दी शिकायत में बताया है कि 27 मई को सीजएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें बताया गया कि नांगल चौधरी क्षेत्र के एक गांव में 21 व 22 मई 2024 को नाबालिग बच्चियों की शादी की गई है। जिसकी वीडियो साथ भेजी गई है। इस शिकायत जांच पर बच्चियों के पिता के बयान लिए गए। एक ने बयान दिया कि उन्होंने 22 मई को एक बच्ची की शादी की थी और दूसरी बच्ची की शादी तय की थी। जिसकी शादी की, वह बालिग है और उसके उम्र संबंधित स्कूल प्रमाण पत्र पेश किया व शादी का कार्ड पेश किया। दूसरी बच्ची नाबालिग है, इसकी शादी नहीं की है। दूसरे अभिभावक ने खुद की फैमिली आईडी और बालिग बच्ची व उसके पति की शादी की फोटो पेश की। ब्यान किया कि उसके दो बेटे व एक बेटी है। 22 मई को बेटी की शादी की है जोकि बालिग है, जिसकी उम्र तिथि नौ फरवरी 2006 है। इसके अलावा कोई नागालिग लड़की की शादी नहीं की। फिर छह जून को बयान में अभिभावक ने बयान किया कि उसकी बेटी की शादी भी 22 मई को तय की थी जोकि अभी नाबालिग है लेकिन उन्होंने शादी कैंसिल कर दी थी और उसकी शादी अभी नहीं की है। वीडियो में सामूहिक विवाह की रस्में होती नजर आ रही है जबकि अभिभावक व उनके बाकी भाईयों के द्वारा अन्य लड़कियों के कागजात उपलब्ध नहीं करवाएं गए।

नांगल चौधरी के एक गांव में 21 व 22 मई 2024 को बच्चियों की शादी की गई

कागजात में पांचों लड़कियां नाबालिग

जांच में सामने आया कि उस गांव की आंगनबाड़ी वर्कर के बयान लिए गए और आंगनबाड़ी के जन्म-मृत्यु रजिस्टर के रिकार्ड की कॉपी ली गई, जिसमें एक बच्ची की जन्मतिथि आठ जनवरी 2020, दूसरी की 20 मई 2020, तीसरी की आठ नवंबर 2021, चौथी की 23 जून 2023 है। कुछ कागजात राजस्थान के कोटपुतली के जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार व दो निजी अस्पताल से लिए गए। एक बच्ची का रिकॉर्ड जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार जयपुर से निकलवाया गया। जिनकी जन्मतिथि अनुसार यह पांचों लड़कियां नाबालिग है। जांच में नाबालिग लड़कियों की शादी का होना पाया गया है।

भाखड़ा नहर में नहाने गए दोस्तों में से एक तेज बहाव में बहा

जाखल/फतेहाबाद। जाखल क्षेत्र में देर शाम नहर पर नहाने गए तीन युवकों में से एक युवक भाखड़ा नहर में बह गया हैं। सूचना मिलने पर ग्रामीण और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं। जिसके बाद युवक की तलाश की जा रहीं है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया हैं। गांव चांदपुरा निवासी 20 वर्षीय शंटी अपने साथी लाडी व जश्न के साथ शाम करीब 4 बजे गांव से भाखड़ा नहर में नहाने के लिए गया था। तीनों चांदपुरा के पास नयागांव पुल पर नहर में नहा रहें थे। तीनों तेज बहाव में बहने लगे तो जशन व लाडी किसी तरीके से नहर से बाहर आ गए। जबकि शंटी तेज बहाव में आगे बह गया।

गिफ्ट में आईफोन का ऑफर देकर ठगे 3.25 लाख रुपये

भिवानी। गांव चहैड़ खुर्द की एक महिला को गिफ्ट में आईफोन का ऑफर देकर आरोपियों ने तीन लाख 30 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव चहैड़ खुद निवासी गुड्डी ने बताया कि उसके मोबाइल के व्हटसएप पर कॉल आई और फोन करने वाले ने अपने आप को दुबई की एक इलेक्टिोनिक्स की दुकान का मालिक बताया। आरोपी ने बताया कि उनको एक गिफ्ट में आईफान मिला है। इसके लिए वे अपने फोन से 25 सौ रुपये डाल दे और साथ ही आरोपियों ने उनके घर का पता भी पूछा ताकि मोबाइल भेजा जा सके।

पिता के डांटने पर रेवाड़ी पहुंचीं किशोरियां बाल कल्याण समिति ने परिजनों को सौंपा

रेवाड़ी। पुलिस व बाल कल्याण समिति सदस्यों के साथ किशोरियां।

रेवाड़ी। आजकल अभिभावकों की ओर से बच्चों को डांटना भी परेशानी का सबब बन गया है। जयपुर के एक परिवार से दो दिन पूर्व 13 वर्षीय किशोरी मामूली डांटने से नाराज होकर घर से निकल गई। किशोरी के साथ उसके पड़ोस में रहने वाली सहेली भी थी। दोनों किशोरी अपने साथ घर से 70 हजार रुपये की बड़ी राशि भी साथ लेकर जयपुर से रेवाड़ी पहुंच गई। गनीमत यह रही कि किशोरियां किन्ही गलत हाथों नहीं लगी। इससे पहले रेलवे पुलिस ने जिला बाल कल्याण समिति की सहायता से दोनों किशोरियों को सही सलामत अभिभावकों को सौंप दिया। जयपुर की एक कॉलोनी की एक किशोरी को उसके पिता ने घर से बाहर खेलने पर डांट दिया। इसी बात से नाराज किशोरी अपने पड़ोस में रहने वाली सहेली के साथ घर से निकलकर रेवाड़ी पहुंच गई। किशोरी अपने साथ घर से 70 हजार रुपए की राशि भी ले आई। साइकिल को लेकर दोनों जब कहीं और जाने के लिए रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंची तो अचानक ही रेलवे पुलिस के उप सहायक निरीक्षक सुरेंद्र कुमार व कांस्टेबल प्रवीण कुमार की नजर इन पर पड़ गई। पूछताछ के बाद रेलवे पुलिस ने बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन ने किशोरियों को वन स्टॉप सेंटर में भेज दिया।

एटीएम मशीन से कैश चोरी के दो आरोपी धर दबोचे

धारूहेड़ा। आजाद नगर में प्राइवेट कंपनी की एटीएम मशीने से एक बार नकदी चोरी करने के बाद दूसरी बार चोरी करने के लिए आए दो आरोपी संचालक के हत्थे चढ़ गए। दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा। बास रोड निवासी प्रेमचंद ने आजाद नगर में हिटाची कंपनी की एटीएम मशीन लगाई हुई है। पुलिस शिकायत में प्रेमचंद ने बताया कि वह रात को 10 बजे के बाद वह एटीएम मशीन को बंद कर देता है। इसके बाद अगले दिन सुबह 6 बजे खोलता है। कैश डालने के लिए गया तो मशीन एक प्लेट चिपकी हुई थी।

चार लोगों ने डंडों से हमला कर बाप-बेटे को किया घायल

यमुनानगर। जिले के गांव सरांवी में चार लोगों ने डंडों से हमला कर बाप बेटे को घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव सरांवी निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। सुबह के वक्त वह अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। वहां पर उनके गांव का ही वंश पाइप लाइन से खेत में पानी दे रहा था। जब वह ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा तो उसने उसे कहा कि पाइप लाइन के उपर से ट्रैक्टर मत निकालो। अपना ट्रैक्टर चला रहा है।

स्टडी वीजा दिलवाने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 19 लाख रुपये

यमुनानगर। ट्रैवल एजेंट ने एक व्यक्ति से उसके बेटे को अमेरिका का स्टडी वीजा दिलवाए जाने के नाम पर 19 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में आरोपी ने स्टडी वीजा के स्थान पर युवक को टूरिस्ट वीजा पर धोखे से वियतनाम भेज दिया। युवक ने स्वदेश लौटने पर आपबीती बताई तो आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रेवल एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक गांव सरावां निवासी संजीव सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने अपने बेटे अनुराग को विदेश में पढ़ाना चाहता था।

माजरा: दो गुटों के बीच जमकर संघर्ष चार लोग नामजद

रेवाड़ी। माजरा गांव में दो गुटों के बीच हुए संघर्ष में दो लोग घायल हो गए। एक गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस बयान में जयपाल ने बताया कि वह गांव में सुदेश की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अनिल और हिम्मत वहां गाड़ी लेकर आ गए। उसने आरोप लगाया कि शराब के नशे में दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चोटें मारने के बाद दोनों उसे जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी से भाग गए।

खबर संक्षेप

वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है।

भारत बन जाएगा तीसरा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार

नई दिल्ली। जापानी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सोनी को उम्मीद है कि भारत अगले दो वर्षों में उसके घरेलू बाजार से आगे निकल जाएगा और कंपनी के लिए वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी को इस समय तक भारत में राजस्व 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण बढ़ा

नई दिल्ली। मुंबई नगरपालिका क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण जून में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11,575 इकाई रहा है। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने यह जानकारी दी है। महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल से रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक द्वारा मुंबई शहर में जून में 11,575 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जबकि पिछले साल इसी महीने में 10,319 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था।

स्कोडा के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजार

प्राग। कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्लॉस जेलमर ने कहा है कि कंपनी के लिए भारत यूरोप के बाहर सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने कहा कि भारत में स्कोडा नए मॉडल लाने की तैयारी में है, बिक्री नेटवर्क का विस्तार कर रही है तथा कारोबार बढ़ाने के लिए साझेदारी करने पर भी विचार कर रही है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाजार है। भारत में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 42 लाख गाड़ियों की बिक्री हुई।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

आज से होने वाले हैं बड़े बदलाव, सीधे आपकी जेब पर हो सकता है असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुलाई में ऐसे कई बदलाव होने वाले हैं जिनका असर आपकी जेब पर हो सकता है। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए जरूरी हो जाता है।

जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाना है। इससे लोगों को काफी उम्मीदे हैं। सैलरी क्लास का मानना है कि इस टैक्स छूट की ब्रेकेट को बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह आईटीआर फाइलिंग, म्यूचुअल फंड और क्रेडिट कार्ड्स से जुड़े बदलाव भी अगले महीने होने वाले हैं।

जुलाई में केंद्र सरकार पेश करेगी पूर्ण बजट

इनकम टैक्स रिटर्न

अगले महीने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि है। इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है। जानकार का कहना है कि अंतिम क्षणों का इंतजार किए बिना पहले ही रिटर्न फाइल कर देना चाहिए। बाद में वेबसाइट में ग्लिच के कई मामले में आते हैं जिससे रिटर्न फाइल करना मुश्किल हो जाता है।

वैकल्पिक नॉमिनेशन : सेबी ने नॉमिनेशन नहीं देने वाले डीमेट अकाउंट और म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो का अकाउंट फ्रीज नहीं करने का फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में 30 जून तक का टाइम दिया गया था ताकि लोग अपना नॉमिनेशन फाइल कर लें, वरना उनका खाता फ्रीज हो सकता था. हालांकि, अब यह वैकल्पिक कर दिया गया है।

येस बैंक क्रेडिट कार्ड लाउंड एक्सेस पॉलिसी

अगर येस बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर्स 1 तिमाही में 35000 रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं तो उन्हें कॉम्प्लिमेंट्रीडोमेस्टिक लाउंज एक्सेस मिल सकता है। एक तिमाही में किए गए खर्च का कॉम्प्लिमेंट्री लाउंज एक्सेस अगली तिमाही में मिलेगा।

टैक्स में छूट देने की मांग

जुलाई में केंद्र सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। इस बजट से लोगों को उम्मीद है कि टैक्स में छूट का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। अभी नई टैक्स प्रणाली में टैक्स रिबेट के कारण जरूर 7 लाख रुपये की कमाई तक आपको टैक्स नहीं देना पड़ता लेकिन लोग दोनों ही प्रणाली बेसिक एग्जंप्शन को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल इंश्योरेंस के कारण मिलने वाली टैक्स छूट को भी 25000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये करने की मांग है।

सिटीबैंक से एक्सिस क्रेडिट काइर्स

इस महीने सिटी क्रेडिट कार्ड माइग्रेट होकर एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड हो जाएंगे. यह बदलाव 15 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। एक्सिस बैंक माइग्रेट होने वाले ग्राहकों के लिए पहले ही कई क्रेडिट काइर्स लॉन्च कर चुका है जो कमोबेश पुरानी वाली सारी सुविधाएं क्रेडिट कार्ड होल्डर्स को दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने मन की बात में महिलाओं के योगदान को सराहा

केरल की छतरी लोकल के लिए वोकल का बेस्ट उदाहरण, जी-20 में छाई रही अराकू कॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। यह लोकसभा चुनावों में जीत के बाद और अपने तीसरे कार्यकाल का यह पहला मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन में लघु उद्योग में अपना योगदान दे रही महिलाओं का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने इसके बाद वोकल फॉर लोकल की भी बात की। उन्होंने केरल में मिलने वाले खास तरह के छातों के बारे में भी बताया। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों से पेड़ लगाने की भी अपील की। इसी दौरान पीएम ने आंध्र प्रदेश में उपजाए जाने वाले अराकू कॉफी का भी जिक्र किया।

नायडू के साथ पहली बार चखी थी

बता दें कि यह एक खास तरह की कॉफी है जो 2023 के जी20 समिट के दौरान भी छाई हुई थी। भारत सरकार ने इसे हाल ही में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन यानी जीआई टैग भी दिया है। पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के साथ विशाखापत्तनम में अराकू कॉफी का स्वाद चखा था। आखिर अराकू कॉफी इतना खास क्यों है और पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कॉफी की इस वैरायटी का जिक्र क्यों किया?

अराकू घाटी के नाम पर मिली पहचान

अराकू कॉफी को यह नाम आंध्र प्रदेश में गहरी हरी-भरी अराकू घाटी के नाम पर दिया गया है। यह अरेबिका कॉफी की एक प्रजाति की है जो मूल रूप से इथियोपिया के दक्षिण-पश्चिमी हाइलैंड्स के जंगलों की देसी किस्म है। अराकू घाटी का मौसम अपने गर्म दिन और ठंडी रातों के साथ-साथ लोहे की समृद्ध मिट्टी के लिए भी लोकप्रिय है जो कॉफी की फसल को धीरे-धीरे पकने में मदद करती है, जिससे कॉफी को सुगंधित स्वाद मिलता है।

खास जगह में ऊगती है अराकू कॉफी

भारत में इसकी खेती आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम और उड़ीसा के कोरापुट जिले के आसपास के इलाकों में की जाती है। ये क्षेत्र कॉफी की खेती के लिए आवश्यक जलवायु और ऊंचाई प्रदान करते हैं। अराकू कॉफी की अच्छी फसल के लिए 1250 से 1500 मिमी की औसत बारिश के साथ हवा में 68 से 92 प्रतिशत के बीच की नमी की जरूरत होती है।

समिट नेताओं को भेंट की गई थी कॉफी : भारत में आयोजित 2023 जी 20 समिट में नेताओं और मेहमानों को उपहार में असम चाय, रेड गोल्ड केसर और मैंग्रोव शहद के साथ-साथ अराकू कॉफी भी भेंट की गई थी। प्रसिद्ध स्पेशियलिटी कॉफी एसोसिएशन से जुड़े स्वतंत्र, पेशेवर कपर्स द्वारा अराकू कॉफी को 100 में से 90 अंक दिए गए हैं, जो भारतीय कॉफी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन और उद्योगपति आनंद महिंद्रा अराकू कॉफी बोर्ड के भी चेयरमैन हैं।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में चार प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की 'भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024' रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है।

महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683 नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े

2018-19 में ईपीएफओ से कुल 1,39,44,349 नए सदस्य जुड़े थे। अप्रैल, 2018 से मंत्रालय सितंबर, 2017 के बाद की अवधि को कवर करते हुए संगठित क्षेत्र के रोजगार संबंधी आंकड़े जारी कर रहा है। इसमें तीन प्रमुख योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से जुड़ने वाले सदस्यों की जानकारी ली जाती है। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों की सकल वृद्धि भी 2022-23 के 1,67,73,023 से घटकर 2023-24 में 1,67,60,672 रह गई है।

हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, एनपीएस के तहत नए सदस्यों की संख्या 2022-23 के 8,24,735 से बढ़कर 2023-24 में 9,37,020 हो गई।

बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन और पाम, पामोलीन में गिरावट

नई दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में कम आवक के कारण सरसों तेल-तिलहन और नगण्य स्टॉक के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे। पिछले सत्र में मूंगफली की पैदावार घटने के बीच माल की कमी की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गये। दूसरी ओर विदेशों में मजबूती के बावजूद स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं कांडला तथा सोयाबीन तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि जून, 2024 में पांच लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात किया गया जबकि घरेलू औसत खपत प्रति माह 2.50 लाख टन ही है। इस जरूरत से अधिक सस्ते आयात की वजह से बाकी तेल-तिलहनों पर दबाव बढ़ गया।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 26,565 करोड़ डाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं।

वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा, 'आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जबकि जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे।

भाजपा को अपने बल पर बहुमत नहीं मिलने के बावजूद राजनीतिक स्थिरता और स्थिर घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी और आक्रामक खुदरा खरीदारी से बाजारों में तेज उछाल ने एफपीआई को लिवाल बनने के लिए मजबूर किया है।

एफपीआई का प्रवाह तेज बनने के कारण

फिडेलफोलियो के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, 'सरकार की स्थिरता का भरोसा, जीडीपी के मोर्चे पर अच्छे प्रदर्शन, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में स्थिरता और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत मजबूत होने की वजह से एफपीआई का प्रवाह तेज बना रहेगा। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, एफपीआई ने जून में ऋण या बॉन्ड बाजार में 14,955 करोड़ रुपये डाले हैं। 2024 में अबतक बॉन्ड बाजार में एफपीआई का निवेश 68,624 करोड़ रुपये रहा है।

गेल की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन अगले साल मार्च तक पूरी होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के पूर्वी हिस्सों में पर्यावरणानुकूल ईंधन पहुंचाने की देश की सबसे महत्वाकांक्षी 12,940 करोड़ रुपये की 'ऊर्जा गंगा' गैस पाइपलाइन परियोजना के निर्माण में नौ महीने की देरी होगी और अब इसका निर्माण मार्च, 2025 तक पूरा होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड ने यह जानकारी दी है। गेल ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 3,306 किलोमीटर लंबी जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को मूल रूप से जून, 2024 तक पूरा किया जाना था। लेकिन उपयोग के अधिकार की उपलब्धता में देरी के कारण इस परियोजना के पूरा होने का समय संशोधित कर जून, 2024 से मार्च, 2025 कर दिया गया है। ज्यादातर पाइपलाइन का निर्माण पहले ही हो चुका है, और मार्ग के अधिकांश शहरों में गैस का प्रवाह शुरू हो गया है। परंपरागत रूप से उपलब्ध प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली पैदा करने, उर्वरक बनाने या सीएनजी और रसोई गैस के रूप में किया जाता है। अक्टूबर, 2016 में उत्तर प्रदेश के जगदीशपुर से पश्चिम बंगाल के हल्दिया, झारखंड के बोकारो और ओडिशा के धामरा तक पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हुआ था।

राशिफल

मेष — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है।

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेवी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

शाखा कार्यालय : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर	सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	राम बाबू (कर्जदार), राधा रानी (सह-कर्जदार) LHSIR00001323346.	खेवट संख्या 2102 खतौनी संख्या 2412 टीए 2414 वाक्या प्रीत नगर गांव खाजाखेड़ा तह. एवं जिला सिरसा हरियाणा- 125055 (संदर्भ एलएएन नं. LHSIR00001323346). सीमाएं – उत्तर : गली 4 चौड़ी गली नंबर 10, 20 फीट प्लॉट मुरबा नंबर 76, दक्षिण : गली 4 करम चौड़ी गली नंबर 10, 20 फीट प्लॉट मुरबा नंबर 76, पूर्व : गली 3 चौड़ी 44 फीट 6 इंच, पश्चिम : प्लॉट श्री मति प्रविद 44 फीट 6 इंच/ कब्जे की तिथि- 26-जून-24	18-03-2024 रु. 8,05,071/-	हिसार-बी

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 01 जुलाई 2024
स्थान : सिरसा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

शब्द पहेली - 5558



बाएँ से दाए-

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -5557 का हल

क	ल	र	व			मु	का	ब	ला
मी			त	म	त	मा	ना		ज
श	व		न	या		न	दी	जी	वा
न	र	क		न	म	क		ख	रा	ब
	दा	म	न		जा		न	फा	
	न		ख	त		म	न		म
		सा	रा		आ		द	म	न
अ	ना	र		र	स	म		त	ह	री
मा	ता		ल	क		सौ	त		र	त
न			च	म	क	दा	र			स
त	क	दी	र				ल	ल	का	र



भारत के टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर देश में दिनभर मना जश्न

सूरत

अहमदाबाद

अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रतिक्रिया, भारत ने खिताब जीता, दक्षिण अफ्रीका फिर हुआ 'चोक'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने रविवार को भारत की टी20 विश्व कप जीत की प्रशंसा की जबकि दक्षिण अफ्रीका के फिर से 'चोक' होने को निराशाजनक करार दिया। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीता। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड का शीर्षक था, ''निराशाजनकः दक्षिण अफ्रीका के 'चोक' होने से भारत ने टी20 विश्व में खिताब जीता'। इसमें आगे लिखा, ''टी20 विश्व कप में जहां भारत को सभी तरह के फायदे मिले, फिर भी रोहित शर्मा की टीम को बारबाडोस में ट्रॉफी जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका की विफलता और अंपायरों के करीबी फैसलों की जरूरत पड़ी। '' दक्षिण अफ्रीका की 'चोक' होने की कहानी आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1999 के विश्व कप सेमीफाइनल में ज्यादा सामने आई। इसमें दक्षिण अफ्रीका आखिरी ओवर में नाटकीय रन आउट के कारण हार गई। तब से दक्षिण अफ्रीका ने 2007 और 2015 के विश्व कप तथा चैम्पियंस ट्रॉफी में इसी तरह की स्थितियों का सामना किया है। लंदन के 'संडे टाइम्स' ने भी दक्षिण अफ्रीका के 'चोक' होने की बात करते हुए लिखा 'कोहली ने भारत को खिताब दिलाने के लिए कमर कस ली'। लंदन के 'द टेलीग्राफ' का शीर्षक था, ''ताजा 'चोक' होने की घटना में भारत को विश्व कप सौंपने के बाद दक्षिण अफ्रीका की आंखों में आंसू।''आस्ट्रेलिया के क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने अपनी मैच रिपोर्ट का शीर्षक दिया, ''रोमांचक विश्व कप फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया।''

बारबाडोस में जीत का झंडा गाड़ा

टी20 वर्ल्ड कप : प्राइज मनी

राउंड	देश	प्राइज मनी
विजेता	भारत	20.36 करोड़
उपविजेता	दक्षिण अफ्रीका	10.64 करोड़
अंतिम 4 टीम	अफगानिस्तान, इंग्लैंड	6.54 करोड़
सुपर-8	ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, अमेरिका	3.17 करोड़
9 से 12वें	टीम	2.05 करोड़
13 से 20वें	टीम	1.87 करोड़

सूर्यकुमार बने 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक'

भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का

पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

खबर संक्षेप

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया

बुकारेस्ट। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढ़त हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

यह दिल को झकझोरने वाली हार : मारक्रम

ब्रिजटाउन। टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। मारक्रम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।'

इंग्लैंड टीम से बेयरस्टो फोक्स और लीच बाहर

लंदन। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को टीम में शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

कोपा अमेरिका

मेसी के बिना अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेसी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024 : जर्मनी फाइनल से दो जीत दूर

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मन टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

विश्व कप जीतने पर फिल्मी हस्तियों ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी

नई दिल्ली। फिल्मी हस्ती अमिताभ बच्चन, करीना कपूर खान, वरुण धवन और अल्लू अर्जुन ने टी20 विश्व कप (2024) जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शनिवार देर रात ब्रिजटाउन, बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर ट्रॉफी जीत ली। क्रिकेट प्रेमी बच्चन ने कहा कि उन्होंने फाइनल मैच नहीं देखा क्योंकि ऐसा करने पर टीम हार जाती है। उन्होंने अपने निजी ब्लॉग पर लिखा, "विश्व चैंपियन...भारत!!! टी20 विश्व कप..2024..उत्साह और भावनाएं और आशंकाएं..सब हो गया..टीवी पर नहीं देखा..जब मैं देखता हूं तो हम हार जाते हैं..! दिमाग में और कुछ नहीं आता..सिर्फ टीम के आंसुओं के साथ आंसू आते हैं!" उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "टीम इंडिया के आंसू भी बह रहे हैं...विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिंद, जय हिंद, जय हिंद। "करीना ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर स्टोरी में लिखा, "हम इसे (ट्रॉफी) घर ले आए।" अभिनेता रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, "किंग (कोहली) ने पिच पर अपना पैर जमा लिया। इस व्यक्ति के लिए। कोई शब्द नहीं, बस शुद्ध भावना है।" वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "क्या टीम है, क्या प्रदर्शन है। रोहित शर्मा ने हर मैच में आगे रहकर नेतृत्व किया। विराट कोहली ने भारत के लिए अपना आखिरी टी-20 खेला और हर भारतीय को इतनी खुशी दी।

राणा के आठ विकेट, दक्षिण अफ्रीका के फॉलोऑन के बाद दो विकेट पर 232 रन

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

स्पिनर स्नेह राणा के आठ विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के फॉलोऑन देने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन शीर्ष क्रम बल्लेबाज सुने लुस के शतक से दूसरी पारी में वापसी करने करते हुए दो विकेट पर 232 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत से 105 रन से पीछे है।

इससे पहले स्नेह राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी महज 266 रन पर सिमट गई। लुस ने 203 गेंद की पारी में 18 चौके

की मदद से 109 रन बनाए। उन्हें कप्तान लौरा वुलवार्ट (नाबाद 93 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष जारी है। राणा का यह प्रदर्शन भारत की नीतू डेविड (53 रन पर आठ विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (66 रन पर आठ विकेट) के बाद महिला टेस्ट की एक पारी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। भारत ने पहली पारी में 337 रन की विशाल बढ़त के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन दिया।

दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसकों ने भारत के साथ अपनी टीम की सराहना की

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका करीबी अंतर से टी20 विश्व कप खिताब जीतने से चूक गया लेकिन उसके प्रशंसकों ने पहली बार किसी विश्व कप के फाइनल में पहुंचने पर टीम को बधाई देने के साथ चैम्पियन भारतीय टीम की भी सराहना की। दक्षिण अफ्रीका के इकलौते राष्ट्रीय भारतीय रेडियो स्टेशन, लोटस एफएम पर पूर्व खेल प्रस्तोता, विमला फ्रैंक ने कहा, 'हमने प्रोटियाज के फाइनल में पहुंचने के लिए बहुत लंबे समय तक इंतजार किया और हम सभी वास्तव में उम्मीद कर रहे थे कि वे खिताब लेकर आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ इसका मतलब यह नहीं है कि हम इस अभियान का इसका हिस्सा नहीं हैं।

फाइनल में पहुंचकर इन खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए जो किया वह बहुत मायने रखता है। हमें उन पर गर्व है। मैं भारतीय मूल की हूं लेकिन पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की समर्थक हूं। मैं भारतीय टीम की सफलता से खुश हूं।'

कौशल को निखारने पर सिंधू का फोकस

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि

ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और टोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।'

पंड्या बोले- जो मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते उन्होंने इतना कुछ कहा

एजेंसी ▶▶| बारबाडोस

भारत को टी20 विश्व कप के फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का अनुभव आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं रहा था। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद प्रशंसकों ने उन्हें निशाने पर लिया था। यहां तक कि मैदान पर उनकी जमकर हूटिंग भी की गई थी। टी20 विश्व कप फाइनल में हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। हार्दिक ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए।

हार्दिक ने कहा, मैं गरिमा में विश्वास करता हूं। जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा। लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं। मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिए, हालात जवाब दे देते हैं। खराब समय हमेशा नहीं रहता। गरिमा बनाए रखना जरूरी है, चाहे आप जीतें या हारें। प्रशंसकों और सभी को शालीनता से रहना सीखना होगा। हमें बेहतर आचरण रखना चाहिए। मुझे यकीन है कि अब वे ही लोग खुश होंगे। ईमानदारी से कहूं तो मुझे मजा आ रहा था। बहुत कम लोगों को ऐसे जिंदगी बदलने वाले मौके मिलते हैं। यह दांव उलटा भी पड़ सकता था लेकिन मैं आधा भरा गिलास देखता हूं, आधा खाली नहीं। मैं दबाव नहीं ले रहा था और अपने कौशल पर भरोसा था। यह पल हमारी किस्मत में लिखा था।

युवाओं को सपने पूरे करने की दिशा में मिलेगी प्रेरणा

चैंपियन बनने पर क्रिकेट जगत ने दी टीम इंडिया को बधाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पहले टी20 विश्व चैंपियन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि इससे बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढाने की प्रेरणा मिलेगी। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहला टी20 विश्व कप जीता था।

महान क्रिकेटर तेंदुलकर 2007 वनडे विश्व कप की टीम का हिस्सा थे जो वेस्टइंडीज में हुए इस टूर्नामेंट से पहले दौर में बाहर हो गई थी। तेंदुलकर ने कहा, 'वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी20 विश्व कप जीतने तक। मैं अपने दोस्त राहुल द्रविड़ के लिए बहुत खुश हूं जो 2011 विश्व कप में नहीं थे लेकिन इस टी20 विश्व कप जीत में उसका अहम योगदान है।'

सोशल मीडिया पर बधाईयों का तांता

'विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिए धन्यवाद।'

-एमएस धोनी

'देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी20 विश्व कप।'

-सचिन तेंदुलकर

'लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।'

-सुनील गावस्कर

'टीम इंडिया को टी20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अपराजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।'

-वीवीएस लक्ष्मण

'आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिये बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।'

-युवराज सिंह

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर , हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।'

-सौरव गांगुली

चिंतन

टीम भारत की 'विराट' जीत ने रचा कीर्तिमान

टीम भारत ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। टी-20 विश्व कप अपने नाम किया है। यह दूसरा मौका है जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 ओवर के फॉर्मेट में विश्व कप जीता है। इससे पहले वर्ष 2007 में जीता था। वर्ष 2007 में ही टी-20 विश्व कप की शुरूआत हुई थी। उस वर्ष भारत ने विश्व में इस फास्ट फार्मेट में अपना सिक्का जमाया था। विश्व को यह फटाफट क्रिकेट फॉर्मेट में जोश व जुनून भारत की ही देन है। उस वक्त महेंद्र सिंह धोनी कप्तान थे। आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार कपिलदेव की कप्तानी में टीम इंडिया ने वर्ष 1983 में एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता था। उसके बाद टीम भारत की यात्रा कठिन रही। दूसरी आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी वर्ष 2007 में मिली, उसके बाद चार वर्ष के अंतराल में ही वर्ष 2011 में टीम भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीत कर फिर से कीर्तिमान बनाया। महेंद्र सिंह धोनी भारत के ऐसे कप्तान बने, जिनके नाम वनडे व टी-20 दोनों क्रिकेट विश्व कप जीतने का रिकार्ड दर्ज है। अब वर्ष 2011 के 13 साल बाद वर्ष 2024 में टीम भारत ने कोई मेन्स क्रिकेट विश्व कप जीता है। भारत ने दूसरा टी-20 विश्व कप 17 वर्ष बाद जीता है, यह दिखाता है कि एक बेहतरीन टीम होने के बावजूद टीम भारत को कितनी प्रतीक्षा करनी पड़ी है। भारतीय क्रिकेट के कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर रोमांचक जीत हासिल करने का कारनामा किया। यह कप्तानी की जीत है, टीम स्पिरिट की जीत है, सभी खिलाड़ियों के एक टीम के रूप में उम्दा प्रदर्शन की जीत है, खिलाड़ियों के जोश, जज्बे और जुनून की जीत है। खिलाड़ी से लेकर पर्दे के पीछे टीम प्रबंधन के सभी स्टाफ की सामूहिक मेहनत की जीत है। टीम भारत के प्लइंग इलेवन-रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जाडेजा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बूमराह, रिषभ पंत, शिवम दूबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, सूर्य कुमार यादव, सभी ने विश्व कप के सभी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोच राहुल द्रविड़ की मेंटर के रूप में जितनी भी तारीफ की जाय कम है। इस विश्व कप की खास बात है कि भारत ने अपना एक भी मैच नहीं हारा। बीसीसीआई का अधिक भरोसा विदेशी कोचों पर रहा है, लेकिन जैसे जैसे भारत में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पौध बढ़ती गई है, टीम प्रबंधन में भारतीय प्रतिभाओं पर भरोसा बढ़ता गया है। रिजल्ट भी दिख रहा है। भारतीय टीम में कभी दि वाल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ ने अपने खेल के समय विश्व कप जीतने वाली टीम के हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनका सपना एक कोच के रूप में जरूर पूरा हुआ है। वर्ष 2024 में आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ हैं। आगे वे कोच रहेंगे या नहीं, लेकिन यह कप उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यह विश्व कप एक उदास क्षण भी लेकर आया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जाडेजा ने टी-20 फार्मेट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अब अगले किसी टी-20 आईसीसी टूर्नामेंट में विराट, रोहित जैसे महान खिलाड़ी खेलते नजर नहीं आएंगे। वर्ष 1983 में भारत एक अंडरडॉग टीम थी, किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत फाइनल में वेस्टइंडीज को हरा देगा। लेकिन ऑलराउंडर कपिलदेव ने अपने बूते टीम इंडिया की नैया पार लगाई थी। उसके बाद बहुत देर लगही। भारतीय क्रिकेट में जीत का जुनून पैदा करने का श्रेय कप्तान सौरभ गांगुली को जाता है, बेशक उनकी कप्तानी में भारत ने विश्व कप न जीता हो, पर जीतने वाली टीम का आधार उन्होंने ही तैयार किया। आज टीम भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। धोनी, विराट और रोहित शर्मा ने सौरभ की जुनूनी धारा को आगे बढ़ाया है। बोर्ड के रूप में बीसीसीआई का योगदान भी अहम है। वेस्ट इंडीज में बारबाडोस की भूमि भारतीय विश्व कप जीत के इतिहास में अंकित हो गई है। टीम भारत को इस रोमांचक जीत के लिए बधाई।

न्याय संहिता

कृष्णमोहन झा

न्यायिक व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे नए कानून

आज एक जुलाई है। यह तारीख भारतीय न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। आज से ही देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात सांसदों के समक्ष रखी। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू होने जा रहा है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर नहीं न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए और अंग्रेज़ी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। इनको लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे। 15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री, मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए एक त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से गांवों में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

युवा भारत की विराट प्रतिभा

उपलब्धि

विवेक शुक्ला

विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब।

विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में शानदार पारी खेलकर एक बार फिर से सिद्ध किया कि वे बिग मैच प्लेयर हैं। वे कभी भी फॉर्म में वापसी करने की कुव्वत रखते हैं। वे इसलिए ही महान नहीं हैं, क्योंकि उनके आंकड़े बेहद शानदार हैं। वे पेले और डिएगो माराडोना के कद के महान खिलाड़ी इसलिए बनते हैं,क्योंकि वे सेमीफाइनल और फाइनल जैसे अहम मैचों में छा जाते हैं। देखिए मेहनत बहुत सारे खिलाड़ी करते हैं, पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहलाए जाते। वे ही महान खिलाड़ी माने जाते हैं, जो विपरीत हालात और उन मैचों में शानदार खेल दिखाते हैं जब उनसे उनकी टीम और उनक चाहने वाले अपेक्षा करते हैं। विराट कोहली का भी जलवा बड़े कांटे के मैचों में देखते ही बनता है। पेले और माराडोना के करियर को देख लें। आप इस नतीजे पर पहुंचेंगे कि ये खास मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे।

विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब। अब उसके पास पैसा आ गया था, इसलिए खेल के बाद वो अपने दोस्तों को पश्चिम विहार की एच-9 की या फिर ज्वालाहेड़ी की मार्केट में लेकर जाने लगा। ये सब कभी-कभी राजौरी गार्डन भी जाने लगे। वहां पर जाकर खाई जाती आइसक्रीम। स्टारडम से कोसों दूर बसती थी उसकी दुनिया। वो यहां पर रहते हुए सुपर स्टार बन गया था, पर वो एलआईसी कॉलोनी के किसी अंकल जी या आंटी जी के चरण स्पर्श करने से कभी पीछे नहीं हटा। शादी से पहले ही विराट कोहली ने अपनी मां के साथ गुरुग्राम में शिफ्ट कर लिया था। वहां पर बना लिया किले जैसा घर, पर उसका पश्चिम विहार से रिश्ता बना हुआ है। उसका बड़ा भाई विकास अब भी एलआईसी कॉलोनी में ही सपरिवार रहता है। उसे विराट 'वीर जी' कहता है। विराट कोहली कितनी ही बुलंदियों को छू ले पर एलआईसी कॉलोनी वालों के लिए वह अब भी चीकू ही है। वे उसे चीकू ही कहते हैं। विराट कोहली सरीखे खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जल्दी आउट हो जाते हैं, लेकिन जब चुनौती बड़ी होती है तब ये रंग में आ जाते हैं। विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में फाइनल से पहले कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। हां, वे फाइनल में छा गए। विराट कोहली विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें उन सब देशों में पसंद किया जाता है, जहां पर क्रिकेट खेला जाता है। विराट कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा

भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुकी हैं। वे कुछ समय पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की।

विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनकी इस घोषणा से उनके करोड़ों चाहने वाले उदास तो जरूर हुए होंगे। बस इतनी गनीमत है कि वे अभी एक दिवसीय क्रिकेट और टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। विराट कोहली क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम हैं। उन्हें सुपर फिट रहने का जुनून है। उनसे एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी फिटनेस के बारे में पूछा। विराट कोहली का कहना था कि मुझे लगा कि अगर अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। वह बहुत नपा-तुला खाना खाते हैं। जिस व्यक्ति से प्रधानमंत्री फिटनेस के बारे में पूछे, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनका कद क्या होगा। प्रधानमंत्री मोदी उनके विवाह में भी शामिल हुए थे। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते हुए देखे गए। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिए। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च के महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट शुरू होने से पहले जब भारत का राष्ट्रगान हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी, विराट कोहली और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा साथ-साथ खड़े थे।

विराट कोहली से बड़े-बड़े ब्रांड जुड़ने के लिए बेकरार रहते हैं। विराट कोहली ने अपना पहला एड कैम्पेन 2010 में किया था। फास्ट्रैक का ये कैम्पेन उन्होंने अभिनेत्री जिनिलिया डिसूजा के साथ किया था। वो डील थी सिर्फ 25 लाख की और आज कोहली 7 करोड़ रुपये रोज के हिसाब से लेते हैं किसी ब्रांड के विज्ञापन के लिए। विराट कोहली पैसे कमाने के लिए ही किसी भी उत्पाद को प्रमोट नहीं करते हैं। विराट कोहली शीतल पेय पदार्थ पेप्सी और गोरा बनाने वाली एक उत्पाद के प्रचार करने से मना कर दिया था। विराट कोहली मानते हैं कि ये उत्पाद जंक फूड और नस्लवाद को बढ़ावा देते हैं। आप चाहें तो ऊपर वाले का धन्यवाद कर सकते हैं कि आप विराट कोहली को मैदान में खेलते हुए देख रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

ध्यान और विवेक से साधा जा सकता है मन



संकलित

दर्शन

मन की कोई एक जगह शरीर में पक्की नहीं है। मन तो फैला हुआ है। मन वह अदृश्य शक्ति है, जो चुपचाप से अपना काम करती चली जाती है। इस शक्ति के ऊपर हम सजगता और होश के द्वारा जरूर नियंत्रण पा सकते हैं। अच्छा-बुरा, शुभ-अशुभ, ज्ञान-अज्ञान सब तरह के संस्कार आपके मन के ऊपर अपनी छाप छोड़ते रहते हैं और ये संस्कार ही समय आने पर विचार के रूप में प्रकट होते हैं। अब आप जब भी ध्यान में बैठें, तो उस समय अपने विचारों को होशपूर्वक पकड़ना। धीरे-धीरे होश जगने लगेगा, थोड़े-थोड़े विचार पकड़ में आने लगेंगे। जैसे विचारों की धारा शुरू करने से पहले मन अनुमति मांग रहा हो कि विचार करूं या न करूं। जहां तुम सजग हुए, वहीं विचार ठहरेंगे। जहां विचार ठहरेंगे, तब ऐसा लगेगा कि मन तो कुछ है ही नहीं। एक ने पूछा कि 'मन को हटाए बिना आत्मज्योति की झलक नहीं पा सकते हैं। तो मन को बीच में से हटाएगा कौन? इस मन को मारेगा कौन? यह 'मैं' कौन है? इस शरीर में कौन-सा ऐसा तत्व है, जो मन को मार सकता है? उसका अनुभव कैसे होगा?' तुम पूछते हो, कौन मारेगा मन को? मैं कहती हूं, तुम्हारा ही होश मारेगा इस मन को। तुम्हारी ही सजगता इसको मारेगी। अब यह सवाल उठ सकता है कि मन कहां है? मन बायीं ओर है या दायीं ओर है? या फेफड़ों के बीच में है? नहीं! मन तो पूरे शरीर में और शरीर के बाहर भी व्याप्त है। लेकिन हर्ष, भय जैसी हर भावना के उठने पर तुम सीने में कुछ महसूस करते हो।

ऐसे घर जहां, कोई मृत्यु न हुई हो

संकलित

प्रेरणा

भगवान बुद्ध के समय में, किसागोतमी नाम की एक महिला के एकमात्र पुत्र की मृत्यु हो गई। दुख से परेशान होकर, वह अपने मृत पुत्र को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दवा पूछती हुई एक घर से दूसरे घर घूमने लगी। किसी ने उसे कह दिया कि भगवान बुद्ध के पास ऐसी दवा है। किसागोतमी भगवान बुद्ध के पास पहुंची, उन्हें प्रणाम किया और पूछा, क्या आप ऐसी दवा बता सकते हैं, जिससे मेरा मृत पुत्र जीवित हो उठे? मुझे ऐसी दवा के बारे में पता है,' बुद्ध ने कहा। 'परंतु उसके लिए मुझे कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी। महिला ने राहत की सांस लेते हुए पूछा, 'आपको क्या चाहिए? मुझे एक मुट्ठी सरसों के बीज चाहिए,' बुद्ध ने कहा। महिला ने बुद्ध को वह सामग्री लाकर देने का वादा किया किंतु ज्यों ही वह जाने लगी, बुद्ध ने कहा, 'सरसों के बीज उसी घर से लेकर आना, जहां कभी किसी संतान, पति-पत्नी, माता-पिता या सेवक की मृत्यु न हुई हो। महिला ने हामी भरी और वह सरसों के बीज की तलाश करती हुई एक घर से दूसरे घर भटकने लगी। उसने पाया कि ऐसा कोई घर नहीं था, जहां कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। कहीं पुत्री, कहीं सेवक, कहीं पति, तो कहीं पिता की मृत्यु हो चुकी थी। किसागोतमी को वहां एक भी घर ऐसा नहीं मिला, जहां कभी मृत्यु न हुई हो। यह देखकर कि वह अकेली इस दुख से पीड़ित नहीं थी, उसने अपने मृत पुत्र के शव का मोह छोड़ दिया और बुद्ध के पास लौट आई। तब बुद्ध ने अत्यंत करुण भाव से कहा, 'तुमने सोचा कि सिर्फ तुम्हारे पुत्र की मृत्यु हुई है।

अंतर्मन

आज की पाती

आवारा कुत्तों से परेशानी

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में रात को आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आवारा कुत्ते राहगीरों को दौड़ा देते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को इनसे बचना मुश्किल होता है। यह कालोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में आती है। ऐसे में यहां की परेशानी को हल करने वाले ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाउसिंग का दफ्तर भी यहां की समस्याएं सुलझाने में नाकाम साबित हो रहा है।

- शाहीन बेगम

ट्रेंड

द्रविड़ ने टीम को बदल दिया

राहुल द्रविड़ की अविश्वसनीय कोचिंग यात्रा ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उनके अटूट समर्पण, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा के पोषण ने टीम को बदल दिया है। हम उसे विश्व कप उठाते हुए देखकर खुश हैं। उन्हें बधाई देकर खुशी हुई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आश्चर्यजनक परिणाम

वैसे तो जिंदगी में कोई भी फैसला सही नहीं होता. यदि आप कोई निर्णय लेते हैं और उसमें अपना सब कुछ लगा देते हैं, तो यह आश्चर्यजनक रूप से परिणाम देगा। मृत्यु दर को नज़रअंदाज करना सबसे बड़ी अज्ञानता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

जीत पर हर भारतीय को गर्व

रोमांचक फाइनल में टीम इंडिया ने 17 साल बाद जीता टी20 वर्ल्डकप! नीले रंग के परिधानों में पुरुषों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैच में विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह चमके। इस अविश्वसनीय जीत पर हर भारतीय को गर्व है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

हर लड़ाई में नया हीरो

हर लड़ाई में एक नया हीरो, एक अलग मैन ऑफ द मैच था - टीम वर्क की जीत हुई... कोई भी सिम्फनी की सीटी नहीं बजा सकता, इसे बजाने के लिए एक ऑर्केस्ट्रा की जरूरत होती है।

-नवजोत सिंह सिद्धू, क्रिकेट एक्सपर्ट

करंट अफेयर

महासागर अध्ययन के बारे में देखा सपना, बनाया रॉकेट

पोर्ट ब्लेयर में पली-बढ़ी होने के चलते महासागर अध्ययन की असीम संभावनाओं के बारे में सपने देखने से लेकर रॉकेट बनाने के क्षेत्र में अग्रणी होने तक युवा इंजीनियर सरनिया पेरियास्वामी के लिए विभिन्न चीजें सीखने का एक रोमांचक दौर रहा। चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'अग्निकुल कॉसमॉस' की इंजीनियर 30 वर्षीय पेरियास्वामी ने 3-डी मुद्रित प्रक्षेपण यान 'अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर' (एसओआरटीईडी) को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसओआरटीईडी ने 30 मई को अपनी पहली उड़ान भरी थी। 'अग्निबाण-एसओआरटीईडी' का प्रक्षेपण पहले 22 मार्च को निर्धारित किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से इसे बाद के लिए टाल दिया गया था। सरनिया पेरियास्वामी ने यहां एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित 'इंडिया स्पेस कांग्रेस' के इतर मीडिया से कहा, जब भी कोई प्रक्षेपण होता है, तो बहुत अधिक बाहरी दबाव होता है। हर कोई प्रक्षेपण का इंतजार कर रहा होता है और यदि आप इसे पूरा नहीं कर पाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कहीं विफल हो रहे हैं। पेरियास्वामी ने अपनी स्कूली शिक्षा और स्नातक की पढ़ाई अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी एवं अपने जन्म स्थान पोर्ट ब्लेयर में की।

ऑफ बीट

प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल कर बेचने की नई पहल

जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक उत्पादों (एसयूपी) को सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचकर इसे लाभप्रद उद्यम बना दिया है। निगम ने अभियान के दौरान जब्त हजारों टन एसयूपी को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर बेचने की नयी पहल की है। निगम ने प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन को नष्ट करने के बजाय लांगड़ियावास और मथुरादापुरा 'डंप यार्ड' में 'रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल' (आरडीएफ) मशीन लगाई हैं, ताकि प्लास्टिक को कुचलकर उसे दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचा जा सके और इससे कुर्सियां, मेज आदि जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने पिछले तीन-चार महीनों में अपनी कार्रवाई के दौरान करीब 6,000 किलोग्राम एसयूपी को जब्त किया है और इसे दोबारा इस्तेमाल करने योग्य बनाने के बाद सीमेंट संयंत्रों को बेचकर राजस्व अर्जित किया है। जयपुर हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा, अभियान के दौरान जब्त इस प्लास्टिक का निस्तारण हमारे सामने बड़ी समस्या थी। 'डंप यार्ड' में आरडीएफ मशीनें लगाई गईं, ताकि प्लास्टिक को काटकर सीमेंट बनाने वाले संयंत्रों को इन्हें बेचा जा सके। इससे निगम को राजस्व भी मिलने लगा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

4 माह बाद मोदी ने की मन की बात

चुनाव में लोगों ने संविधान, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया : मोदी

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव करार देते हुए रविवार को कहा कि इसमें 65 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 'आकाशवाणी' के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 111वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मैं आज देशवासियों को इस बात के लिए धन्यवाद भी देता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है। साल 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मत डाले हैं।'

111वें संस्करण में पीएम ने कई मुद्दों पर की चर्चा

लोकसभा चुनाव

देशवासियों और चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि जनता ने संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं।

हूल दिवस

आदिवासियों के 'हूल दिवस' पर कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा है इन्होंने विदेशी शासकों का विरोध किया था। साथ ही झारखंड के संथाल परगना से हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों से 1855 में विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाए थे।

ओलंपिक खिलाड़ियों का बढ़ाए हौंसला

पीएम मोदी ने 26 जुलाई से शुरू हो पेरिस ओलिंपिक में जाने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने #चियर 4 भारत के जरिए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की। पीएम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी टोक्यो ओलिंपिक के बाद से ही तैयारियों में जुटे थे, इसलिए इस बार कुछ चीजें पहली बार देखने मिलेंगी।

पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए अभियान एक पेड़ मां के नाम का जिक्र किया। उन्होंने बताया, 'मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है।' पिछले दस साल में बढ़े फॉरेस्ट कवर और अमृत महोत्सव के दौरान बनाए गए 60 हजार से ज्यादा सरोवरों की चर्चा की। उन्होंने मां के नाम पर पेड़ लगाने की अपील की।

कुवैत रेडियो का हिन्दी शो

कुवैत सरकार ने नेशनल रेडियो पर हिंदी में एक कार्यक्रम शुरू किया है। कुवैत रेडियो पर हर रविवार आधे घंटे टेलिकास्ट होता है। पीएम ने बताया कि इस प्रोग्राम में भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। इसमें भारतीय फिल्मों, कला जगत से जुड़ी चर्चाओं के बारे में बताया जाता है।

योग दिवस

21 जून को दुनिया भर में मनाए गए 10वें योग दिवस पर पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे हैं। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

रेडियो का संस्कृत बुलेटिन

30 जून को आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन टेलिकास्ट के 50 साल पूरे हुए। पीएम मोदी ने ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा संस्कृत की भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने जीवन से भी जोड़ें।

अरकू कॉफी की दुनिया भर में भारी डिमांड

भारत के कई प्रोडक्ट्स की दुनिया-भर में बहुत डिमांड है। ऐसा ही प्रोडक्ट है अरकू कॉफी। यह आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर-अरोमा के लिए जानी जाती है। अरकू कॉफी की खेती से करीब डेढ़ लाख आदिवासी परिवार जुड़े हुए हैं।

जगनन्नाथ रथयात्रा की शुभकामनाएं दी

7 जुलाई को होने वाली जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा, जम्मू कश्मीर की अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी की यात्राओं में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।

पुलवामा की स्नो पीस पर

पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से स्नो पीस की पहली खेप लंदन भेजी गई। कश्मीर में उगने वाली एग्जॉटिक वेजिटेबल्स को दुनिया के नक्शे पर लाने चकूरा गांव के अब्दुल राशीद मीर ने स्नो पीस उगाने का काम शुरू किया। यह कश्मीर से लंदन तक पहुंचने लगी है।

कांग्रेस की मांग

संसद 50% की सीमा से ज्यादा आरक्षण के लिए कानून बनाए

- जदयू ने भी एक दिन पहले उठाई थी मांग, पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर चिंता व्यक्त की
- 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को कर दिया था खारिज

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए ताकि 50 फीसदी की सीमा से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। कांग्रेस के इस बयान के एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल जनता दल-यूनाइटेड(जदयू) ने मांग की थी कि बिहार में आरक्षण में बढ़ोतरी को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को यहां बैठक में पार्टी ने हाल ही में पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। बैठक में पारित एक राजनीतिक प्रस्ताव में जदयू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची के तहत डालने का आग्रह किया ताकि इसकी न्यायिक समीक्षा को खारिज किया जा सके।

चुनाव के दौरान विपक्ष ने बार-बार उठाई मांग : रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पूरे लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल कहता रहा कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से संबंधित सभी राज्य कानूनों को 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा, ''यह अच्छी बात है कि जदयू ने कल पटना में यही मांग की है। लेकिन राज्य और केंद्र, दोनों में उसकी सहयोगी भाजपा इस मामले में पूरी तरह से चुप है।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हालांकि, आरक्षण कानून को 50 प्रतिशत की सीमा से परे नौवीं अनुसूची में लाना भी कोई समाधान नहीं है, क्योंकि 2007 के उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुसार, ऐसे कानून भी न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं।'' उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए संविधान संशोधन कानून की आवश्यकता है।

खबर संक्षेप

दिल्ली में 2,500 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली यातायात पुलिस ने इस साल 15 जून तक गलत मार्ग पर वाहन चलाने को लेकर 2,500 से अधिक लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। ये मामले पिछले साल जारी किए गए चालानों से लगभग 250 प्रतिशत अधिक हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में सबसे अधिक 572 चालान काटे गए। उन्होंने कहा, आंकड़े बताते हैं कि 2024 में दिल्ली यातायात पुलिस ने गलत मार्ग पर वाहन चलाने को लेकर 2,577 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जो 2023 में जारी किए गए 732 चालानों से काफी अधिक हैं।

संक्रमण रोकने चीतों को लगाया जाएगा मरहम

श्योपुर (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में चीतों के संरक्षण के प्रयास में, उनके फर पर एक विदेशी मरहम लगाने की एक नयी पहल शुरू की गई है। इस उपाय का उद्देश्य 'सेप्टिसीमिया' की पुनरावृत्ति को रोकना है, जो एक घातक जीवाणु संक्रमण होता है, जिसने पिछले साल तीन चीतों की जान ले ली थी। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से भारत लाए गए चीतों पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 'सेप्टिसीमिया' के खतरे से निपटने के लिए 'एंटी एक्टो पैरासाइट' औषधि लगायी जा रही है।

छोटी पार्टियों संग आगे बढ़ेंगे

महाविकास आघाड़ी मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा : शरद पवार

- अक्टूबर में हैं विधानसभा चुनाव
- कहा, बड़े विपक्षी दलों की जिम्मेदारी है कि वे छोटे सहयोगियों की हितों की रक्षा करें

पुणे (भाषा)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ₹जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी, उसी तरह हमारी नजरें महाराष्ट्र के चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी।₹ पवार ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू हो जाएगी।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में उपासना स्थल पर 'तोड़फोड़'

जम्मू (भाषा)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में अज्ञात लोगों ने एक उपासना स्थल पर कथित रूप से तोड़फोड़ की। इस घटना के खिलाफ रविवार को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। धरमाड़ी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को एक आगंतुक द्वारा उपासना स्थल पर तोड़फोड़ की गई, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि दोषियों को दंडित किया जाए।

बदसलूकी की घटना सामने आई

पश्चिम बंगाल में महिला को सड़क पर पीटा, लात मारी, वीडियो वायरल

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में चार दिन में दूसरी बार महिला से मारपीट और बदसलूकी की घटना सामने आई है। रविवार को उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति दो लोगों- एक महिला और एक पुरुष को सड़क पर छड़ी से पीटते हुए नजर आ रहा है। व्यक्ति महिला को कई बार मारता है। वह दर्द से चिल्लाती है, लेकिन व्यक्ति मारना नहीं छोड़ता। इसके बाद वह व्यक्ति महिला के पास बैठे पुरुष की ओर मुड़ता है और उसे मारना शुरू कर देता है।

भीड़ तमाशा देखती रही किसी ने नहीं बचाया

इस दौरान भीड़ तमाशा देखती रहती है। कोई भी महिला और पुरुष को बचाने आगे नहीं आता। वीडियो में एक जगह वह व्यक्ति महिला के बाल पकड़कर उसे लात मारता है। भाजपा और सीपीआई (एम) के नेताओं ने इस वीडियो को लेकर दावा किया है कि पिटाई करने वाला शख्स तृणमूल कांग्रेस का नेता ताजेमुल हैं, जो स्थानीय विवादों पर 'तुरंत न्याय' देने के लिए जाना जाता है। इसके पहले 27 जून को भाजपा ने टीएमसी पर आरोप लगाया था कि कूच बिहार जिले में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की महिला पदाधिकारी रोशोनारा खातून को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा गया और निर्वस्त्र कर पीटा गया।

नीट प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर संसद में आज जोरदार बहस की संभावना

- अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे

नई दिल्ली (भाषा)। संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

'जय फिलिस्तीन' पर बवाल बढ़ा

ओवैसी का विरोध, बजरंग दल और विहिप ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद के पार्लियामेंट में दिए एक बयान की कड़ी निंदा हो रही है। इस बीच विश्व हिंदू परिषद की इकाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जमकर विरोध किया। प्रदर्शन में शामिल बजरंग दल कार्यकर्ता हाथों में अवैसी पर कटाक्ष करने वीली तस्वीरें लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों ने संसद में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 'जय फिलिस्तीन' नारे को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

दसवीं तक पढ़े तीन युवकों ने आईटी कंपनी बना पांच लाख रुपये ठगे

- पुलिस ने तीनों आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया

नागपुर (भाषा)। महाराष्ट्र में 10वीं तक पढ़े तीन युवकों ने 'आईटी सल्यूशंस कंपनी' स्थापित की और ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिये नागपुर निवासी एक व्यक्ति से कथित तौर पर पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान पालघर के विरार निवासी अतुल इंद्रपति सिंह (32), नालासोपारा के नीरज शामकुमार चौबे (26) और दहिसर के विकास मेघलाल साव (23) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों ने हाल ही में समर्थ आईटी सल्यूशंस नाम की एक कंपनी की स्थापना की और गूगल पर अपने संपर्क विवरण सूचीबद्ध किए। पुलिस ने बताया कि नागपुर के महल क्षेत्र के निवासी अतुल उइके को मई में अपने मोबाइल डिवाइस पर 'फोनपे' ऐप में समस्या का सामना करना पड़ा।

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाले आप विधायक की याचिका पर सुनवाई आज

- जसवंत सिंह गज्जन माजरा पर धनशोधन के आरोप

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने और हिरासत में लिए जाने को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने पंजाब के विधायक को पूर्व में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी विधायक की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कोई अवैधता नहीं है। मई 2023 में, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 40 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गज्जन माजरा से जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

हेमंत सोरेन का ऐलान

'सामंती ताकतों' को खदेड़ने के लिए 'विद्रोह' की घोषणा की

- 'इंडिया' पूरे देश से भाजपा को निकाल कर बाहर करेगा
- हूल दिवस' के पर रैली को संबोधित किया

भाषा ▶▶| भोगनाडीह (साहिबगंज)

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने "सामंती ताकतों" के खिलाफ "विद्रोह" की रविवार को घोषणा की और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पूरे देश से भाजपा को बाहर कर देगा। सोरेन ने यहां 'हूल दिवस' के मौके पर एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि जेल से उनकी रिहाई के बाद भाजपा ''घबरा गयी'' है और उसके नेता फिर से उनके खिलाफ ''साजिश'' रच रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अपनी रिहाई के बाद मैं पहली बार 'हूल दिवस' पर आपको संबोधित करने के लिए अपने घर से बाहर निकला हूं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है। अंग्रेजों के खिलाफ संथाल विद्रोह की तरह हम झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए 'हूल विद्रोह' का ऐलान करते हैं।'' सोरेन ने कहा, ''मुझे झूठे मामलों में फंसाया गया... केंद्र सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को लगा देती है। मुझे जेल से बाहर आए अभी दो दिन ही हुए हैं, लेकिन भाजपा घबराई हुई है।

मेरे खिलाफ फिर से साजिश रच रहे

पार्टी के शीर्ष नेता झारखंड में बार-बार आ रहे हैं और मेरे खिलाफ फिर से साजिश रच रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि झारखंड को क्रांतिकारियों की भूमि के रूप में जाना जाता है और "हम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरते"। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा धनशोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा कर दिया गया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

खबर संक्षेप

41 साल बाद प्रधानमंत्री का होगा वियना दौरा

नई दिल्ली। कूटनीति के लिहाज से जुलाई का दूसरा हफ्ता बेहद अहम रहने वाला है। इस दौरान 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी। वहीं 8 से 10 जुलाई तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा पर होंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे।

भोले के जयकारों के साथ तीसरा जत्था रवाना

जम्मू(एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज रविवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। 6619 यात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों के दो सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए। 6619 यात्रियों में से 3,838 यात्री सुबह 4 बजे वाहनों में सवार होकर पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,781 यात्री सुबह 4.30 बजे वाहनों में सवार होकर बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए।

इजराइल ने गाजा में किया हमला, 40 की मौत

गाजा। इजराइल और हमास के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों के दौरान इजराइली हमलों में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या अब 37,834 हो गई है। अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद से 86,858 लोग घायल हुए हैं।

रियासी आतंकी हमले को लेकर राजौरी में छापा

जम्मू(एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रियासी आतंकवादी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। आतंकियों ने 9 जून 2024 की शाम को रियासी के पौने इलाके में शिवखोरी से कटरा जा रहे यात्रियों की बस पर गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिससे बस पास की खाई में जा गिरी थी। एनआईए ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने को जांच के दौरान आतंकवादियों व ओजीडब्ल्यू के बीच लिंक को स्थापित करने के लिए कई सामानों को जब्त किया।

करीब 18 माह से खा रहा था जंग

पटना के संग्रहालय परिसर में ब्रिटिश काल के रोडरोलर को किया संरक्षित

पटना(भाषा)। पटना संग्रहालय परिसर में लगभग 18 महीने से जंग खा रहे ब्रिटिश काल के 'रोडरोलर' को पथ निर्माण विभाग के प्राधिकारियों ने संरक्षित कर लिया है। इंग्लैंड के लीड्स में 'जॉन फाउलर एंड कंपनी' द्वारा निर्मित लगभग एक सदी पुराना भाप चालित यह रोडरोलर लगभग दो साल पहले तक पटना जिला बोर्ड के कब्जे में था और अब ध्वस्त हो चुके पटना समाहरणालय के एक कोने में पड़ा था। इसे 24-25 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि में पटना संग्रहालय में लाया गया था। पटना समाहरणालय पुनर्विकास परियोजना के तहत 2022 में समाहरणालय की पुरानी इमारतों को ध्वस्त किए जाने के बाद जिला बोर्ड ने इस रोडरोलर को संग्रहालय को दान कर दिया था ताकि इसे "अनमोल वस्तु" के रूप में प्रदर्शन के लिए रखा जा सके। संग्रहालय के प्राधिकारियों ने शुरू में इसके रखरखाव और जीर्णोद्धार में रुचि दिखाई, लेकिन कुछ महीनों बाद ही यह रोडरोलर सरकारी प्राधिकारियों की उदासीनता का शिकार हो गया जबकि यह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय था और लोग इसके साथ सेल्फी लेने को आतुर थे। संग्रहालय के परिसर में लंबे समय तक खुले में पड़े रहने के कारण इसके आस-पास उगे पौधों ने इसके विशाल पहियों को ढक लिया तथा बारिश ने इसके पुराने ढांचे को और भी जर्जर कर दिया। जिससे इसकी चिमनी क्षतिग्रस्त हो गई और मशीन से अलग हो गई।



सड़क निर्माण युग की बताता कहानी

पथ निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्लभ वस्तु है जो सड़क निर्माण के शुरुआती युग की कहानी कहती है। पटना संग्रहालय से इसे विभाग की केंद्रीय यांत्रिक कार्यशाला में लाया गया जहां इसे एक शेड के नीचे एक ऊंचे मंच पर रखा गया है।

अभियंताओं की एक टीम ने इसके पुनरुद्धार पर काम किया तथा इसकी आवश्यक देखभाल और रखरखाव किया। रोडरोलर पर लगी जंग परत को साफ कर उसे काले रंग से रंगा गया है तथा इसकी चिमनी को भी ठीक कर दिया गया है।

'गूगल मैप्स' को फॉलो कर जा रहे थे युवक, उफनती नदी में जा गिरी कार

भाषा ▶▶| कासरगोड (केरल)

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में 'गूगल मैप्स' का उपयोग (फॉलो)करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक कार को उफनती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के पेड़ से फंसने से बच गए। रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह दमकलकर्मियों को लोकेशन से बताई।

केरल से कर्नाटक के अस्पताल जा रहे थे, बची जान

अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दोनों को निकाला। युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए 'गूगल मैप्स' का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से अब्दुल रशीद ने बताया कि 'गूगल मैप्स' से उन्हें आगे संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे कार लेकर गए। गूगल मैप्स एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में जानकारी प्रदान करती है। उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा कि वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और बीच में एक पुल था। कार अचानक पानी की धारा में बहने लगी और बाद में नदी के किनारे एक पेड़ में फंस गई।



राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत नौ राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास हिमस्खलन | दिल्ली में अगले दो दिन भारी बारिश की संभावना | मौसम विभाग का दावा, चार पांच दिन ऐसे ही रहेंगे हालात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बाद हो रही बारिश जहां राहत दे रही कहीं यह आफत बनकर सामने आ रही है। देशभर में बारिश जारी है। गुजरात के कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने नौ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। रविवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास हिमस्खलन हुआ।

इससे कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, यूपी, दिल्ली, राजस्थान, मप्र व महाराष्ट्र में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले चार-पांच दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इन राज्यों में 2 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट है। अरुणाचल में रेड अलर्ट है। राजधानी में दो दिन बादल छाए रहने और भारी बारिश संभव है।

गुजरात के सूरत का हालः भारी बारिश के बीच पीने के पानी की किल्लत

सूरत में भारी बारिश

अहमदाबाद (भाषा) गुजरात के कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सूरत जिले के पलसाना तालुका में दस घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद में पानी भर जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ।

असम में बिजली सप्लाई ठप

मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून रविवार को पूरे देश को कवर कर लेगा। शनिवार को मानसून उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आगे बढ़ गया। अब सिर्फ पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी राजस्थान के हिस्से बाकी हैं। आमतौर पर मानसून पूरे देश को 8 जुलाई तक कवर करता है। वहीं, असम में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। डिब्रूगढ़ में सीआरपीएफ कैंप, पुलिस कैंप, लोगों के घरों में पानी भर गया है। रास्ते ब्लॉक हैं। बिजली सप्लाई ठप है।

स्विटजरलैंडः तूफान में बह गया पुल

स्विटजरलैंड। स्विटजरलैंड के चिप्पिस में रविवार को आए तूफान के बाद रोन नदी और नेविजेंस नदी उफान पर हैष रोन नदी ने वैलेस कैंटन के कई इलाकों में अपने तटबंध तोड़ दिए, जिससे एक राजमार्ग और रेलवे लाइन में बाढ़ आ गई।

झारखंड में निर्माणाधीन पुल का गर्डर गिरा

गिरिडीह (भाषा) झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। रविवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का 'सिंगल-स्पैन' गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है।' उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा।

दिल्ली सरकार का फैसला

भारी बारिश से डूबने वालों के परिजनों को 10 लाख मुआवजा

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली सरकार शहर में शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण डूबने वाले लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। राजस्व विभाग के साथ आधिकारिक संचार में मंत्री आतिशी ने कहा कि 28 जून को अत्यधिक बारिश के बाद डूबने से 'कई लोगों की मौत' होने की जानकारी मिली है। आतिशी ने आदेश में कहा कि यह निर्देशित किया जाता है कि जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।" उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) को क्षेत्र के अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से जान गंवाने वाले लोगों की पहचान करने और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें तुरंत मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली में दो दिन में 11 की मौत

दिल्ली में बीते दो दिन हुई बारिश में 11 लोगों की मौत हो गई। 29 जून को भी 6 शव बरामद किए गए। इसमें चार बच्चे, एक युवक और एक बुजुर्ग शामिल थे। वहीं, एआईआईएमएस की पार्किंग में पानी भर गया।

उप्र के देवरिया में मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली पुजारी समेत दो की मौत

देवरिया (उप्र) (भाषा)। देवरिया जिले में रविवार को बारिश के बीच एक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से पुजारी समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि रविवार को अपराह्न करीब एक बजे तेज बारिश के दौरान गोपालपुर गांव में स्थित एक मंदिर में कुछ लोग शरण लिये हुए थे तभी अचानक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरी। उन्होंने बताया कि इसका असर इतना जबरदस्त था कि इसकी जद में आने से मंदिर के पुजारी राधेश्याम गिरि (50) और राजनाथ कुशवाहा (40) नामक एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। शर्मा ने बताया कि हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजन तथा घायलों को नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

तमिलनाडु में एनआईए के छापे, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार सुबह तमिलनाडु में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है, दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। एनआईए की जांच में पता चला है कि वे युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं में ढालने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में प्रचारित करने के लिए गुप्त सेंटर संचालित करने में शामिल थे। यह छापेमारी हिज्ब उत तहरीर मामले में की गई है। यह छापा अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हुत के छह सदस्यों की मई में गिरफ्तारी के बाद किया गया है। बता दें कि सभी को चुनाव और लोकतंत्र के खिलाफ दुष्प्रचार जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था। यह मामला, शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13(1)(बी) के कई आरोपों के तहत मदुरै शहर के थिदीर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था. मुख्य संदिग्ध, मोहम्मद इकबाल ने कथित तौर पर अपने फेसबुक अकाउंट, थुंगा विझिगल रेंडू काजीमार स्ट्रीट में है का इस्तेमाल ऐसी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया, जो एक विशेष समुदाय को बदनाम करती थी।

नई कानून क्रांति : इन्हें अमल में लाने के लिए केंद्र सरकार ने कीं व्यापक तैयारियां

देश में आज से लागू हो जाएंगे तीन नए आपराधिक कानून

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) – सोमवार (1 जुलाई) से लागू होंगे। कार्यान्वयन की तैयारी के लिए सरकार ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ बैठकें करके तैयारियां की हैं। इसके अलावा इस दिन को मनाने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा है कि नए कानूनों को 2024-25 शैक्षणिक वर्ष से विश्वविद्यालयों और कानूनी शिक्षा केंद्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। स्कूली शिक्षा विभाग अक्टूबर से मार्च के बीच कक्षा 6 से ऊपर के छात्रों के लिए विशेष मॉड्यूल बनाएगा। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी ने आईएएस/आईपीएस/न्यायिक अधिकारियों और अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, फोरेंसिक लैब आदि के अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज मंत्रालयों ने 21 जून को लगभग 40 लाख जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए नए कानूनों पर हिंदी वेबिनार आयोजित किया। 25 जून को अंग्रेजी में दूसरा वेबिनार आयोजित किया गया जिसमें लगभग 50 लाख लोगों ने भाग लिया।

ये हैं 3 नए कानून

1. *भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)*
2. *भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)*
3. *भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)*

सभी राज्यों में सहायता दल व कॉल सेंटर बने

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो समन्वित प्रचार अभियान के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह के प्रयासों का समन्वय कर रहा है। सभी विभागों के साथ विषयगत पोस्टर और फ्लायर्स साझा किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सलाह, प्रेस विज्ञप्ति, इन्फोग्राफिक्स आदि के माध्यम से नए कानूनों के लिए व्यापक दृश्यता की योजना बनाई गई है।

आज देश के पुलिस थानों में होंगे कार्यक्रम

कानूनी मामले विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ चार सम्मेलन आयोजित किए हैं, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, वरिष्ठ पुलिस कर्मी और डोमेन विशेषज्ञों ने भाग लिया। पांचवां सम्मेलन 30 जून को मुंबई में आयोजित किया गया। आईजीओटी कर्मयोगी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत सिविल सेवा अधिकारियों को व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। 21 फरवरी से आईजीओटी पर नए आपराधिक कानूनों पर तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक क्यूरेटेड कार्यक्रम के रूप में पेश किए गए हैं और लगभग 2,18,000 अधिकारियों ने नामांकन किया है।

मोदी ने किया नायडू पर 3 पुस्तकों का विमोचन

गाचीबोवली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया। अन्वया कन्वेंशन सेंटर, गाचीबोवली तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पीएम ने नायडू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीवनी और दो अन्य पुस्तकें लोगों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्हें स्वयं उनसे साथ में काम करने के दौरान प्रेरणा मिली है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंत्रिमंडल में सहयोगी और देश के उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके साथ काम करने और सीखने के कई मौके मिले हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सत्ता सुख पाने के लिए नहीं है, बल्कि सेवा के माध्यम से समाधान करने के लिए है।

चंद्रयान-3 के बाद चांद पर कमाल करेगा चंद्रयान-4

इसरो की भारतीयों को चांद पर ले जाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक बार फिर से अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है।

यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। पिछले साल, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया था। यह उपलब्धि न केवल भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल की सराहना भी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनेगा।

चंद्रयान-4 लाएगा चंद्रमा से नमूने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने के आह्वान पर एस सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं।

हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें।

पुष्पक की तीसरी बार सफल लैंडिंग से बढ़ा हौसला

इसरो ने बीते दिनों दोबारा इस्तेमाल में लाए जा सकने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक की लगातार तीसरी बार सफल लैंडिंग कराई थी। इसने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलव्ही की लैंडिंग कराने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुष्पक को रनवे से 4.5 किलोमीटर दूर भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से छोड़ा गया। पुष्पक रनवे के पास पहुंचा और रनवे पर क्षैतिज लैंडिंग की। इस मिशन में अंतरिक्ष से लौटने वाले यान को तेज हवाओं के बीच उतारने का अभ्यास किया गया, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी की आरएलवी के विकास के लिए अहम टेक्नोलॉजी को हासिल करने में विशेषज्ञता को बल मिला है। इसरो अध्यक्ष ने ऐसे जटिल मिशन में सफलता का सिलसिला बरकरार रखने के प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी।

विदेश मंत्री का कतर में भव्य स्वागत

जयशंकर कतर के प्रधानमंत्री थानी से मिले, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

भाषा ▶▶| दोहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं।"

उन्होंने कहा कि राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।" जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किए जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। कतर में भारतीय दूतावास ने दिन की शुरुआत में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "विदेश मंत्री एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दोहा पहुंचे। प्रोटोकॉल प्रमुख महामहिम इब्राहिम फखरू ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 14 से 15 फरवरी तक कतर दौरे के दौरान अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से चर्चा की थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25